✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 242 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 29 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



दरभंगा में 138 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**पटना।** बिहार की कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी के बीच राजधानी स्थित पटना सिविल कोर्ट में दो हथियारबंद अपराधियों ने एंट्री की कोशिश की है। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा शख्स फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं इस घटना के बाद से तमाम वकीलों और वहां मौजूद लोगों में खौफ का माहौल है।

### नक्सली गिरफ्तार

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर पुलिस ने लगभग 9 साल पुराने मामले में फरार नक्सली राम प्रवेश बिंद को गिरफ्तार कर लिया है। गांव में आने और खाना खिलाने से मना करने पर उसने साथियों संग मिलकर रोहतास जिले में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह वारदात मार्च 2017 की थी तब से पुलिस को उसकी तलाश में जुटी थी। गिरफ्तार नक्सली चैनपुर थाना क्षेत्र के छोटका लोहरा गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ मनोरंजन भारती ने बुधवार को कहा कि चैनपुर थाने की पुलिस ने राम प्रवेश को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

### बिहार में इसी साल लागू होगी नई कोचिंग नीति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार ने कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगानेकी पूरी तैयारी कर ली है। राज्य में इसी साल नई कोचिंग नीति लागू होगी। शिक्षा विभाग ने कोचिंग नीति को संशोधित कर तैयार कर लिया है। इसके बाद कोचिंग नीति के ड्राफ्ट को सक्षम प्राधिकार वित्त और विधि विभाग को सहमति के लिए भेज दिया है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे नीतीश कैबिनेट से मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिले को दी बड़ी सौगात, 138 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# दरभंगा में लगेंगे नये उद्योग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में दरभंगा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 23 हजार 3 सौ 84 जीविका स्वयं सहायता समूह एवं समूह से संबंधित कुल 93 हजार 536 जीविका दीदियों को बैंक से क्रेडिट लिंकेज के रूप में प्राप्त वित्तीय सुविधा हेतु 311 करोड़ 79 लाख रूपये का सांकेतिक चेक, नारी शक्ति योजना, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान, निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना का सांकेतिक चेक तथा बैट्री चालित ट्राईसाइकिल की चाभी आदि लाभुकों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नागेंद्र झा स्टेडियम के प्रांगण में रिमोट के माध्यम से दरभंगा जिलान्तर्गत 138 करोड़ की लागत से कुल 90 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इनमें 105 करोड़ रूपये की लागत से 50 योजनाओं का शिलान्यास एवं 33 करोड़ रूपये की लागत से 40 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नागेन्द्र झा स्टेडियम में



आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरूसे ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। वर्ष 2018 में ही हर घर बिजली पहुंचा दी गयी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है। अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी तथा 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। दरभंगा जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए जिले के 1 हजार 269 गांवों में दुग उत्पादन समितियों का गठन तथा सभी 329 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केंद्र खोला जायेगा। सभी 18 प्रखंडों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कालेज की स्थापना की जायेगी। सभी 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल तथा दरभंगा सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल बनाया जायेगा। दरभंगा जिले में खेलों के लिए सेंटर अफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविधाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा। इन कामों से जिले का पूरे तौर पर विकास होगा। हमलोगों की सरकार में सभी काम हो रहा है। आनेवाले दिनों में बिहार और आगे बढ़ेगा। बिहार आगे बढ़ेगा तो आप सभी लोग भी आगे बढ़ेंगे।

## विमान हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत पांच लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बारामती के पास बुधवार को सुबह एनसीपी नेता और राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार का चार्टर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस खबर के आने के बाद हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा उस समय हुआ जब अजित पवार का प्लेन बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग करने जा रहा था। इस हादसे में विमान पर सवार डिप्टी सीएम अजित पवार समेत सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि 66 साल के अजित पवार मुंबई से बारामती चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे। उन्हें वहां जिला परिषद चुनाव से जुड़े एक कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। डीजीसीए के एक अधिकारी ने भी अजित पवार के निधन की खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार भीसीआर एविएशन के भीटी-एसएसके लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट में सवार थे। अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार, 2 और लोगों (एक पीएसओ और एक अटेंडेंट) और 2 क्रू ( पीआसी + एफओ) के सदस्यों के साथ प्लेन में थे। यह चार्टर प्लेन 8 बजकर 45 मिनट पर यह चार्टर लैंडिंग के समय क्रैश हो गया।

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने जताया शोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराष्ट्र के बारामती जिले में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख अजित पवार के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि यह विमान हादसा अत्यंत पीड़ादायक है और मैं इस घटना से मर्माहत हूं।

## संवाद कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम ने आमस सीओ को किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को बोधगया कन्वेंशन हॉल में किसानों और भूमि विवाद से जुड़े मामलों को लेकर भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम के दौरान शिकायतें सुनीं। इस दौरान जब आमस अंचलाधिकारी (सीओ) अरशद मदनी पर घूस लेने के गंभीर आरोप लगे तो डिप्टी सीएम ने मौके पर ही सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एक-एक कर फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। आमस निवासी सुमंत कुमार का था। उन्होंने बताया कि मांझी परिवार द्वारा उनकी जमीन पर जबरन झोपड़ी बना ली गई है। वे लगातार प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी मिल रही है। 16 नवंबर 2024 को आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर सीओ अरशद मदनी ने जवाब देते हुए कहा कि उन्हें मामला ठीक से याद नहीं है। यह पर्चा जमीन से जुड़ा मामला है और गरीब व्यक्ति को हटाया नहीं जा सकता। डिप्टी सीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि नियम के खिलाफ काम करेंगे तो बचेंगे नहीं। गड़बड़ी करने वालों पर कार्रवाई तय है।

## बिहार प्रशासनिक सेवा के 51 अधिकारियों का तबादला

### औरंगाबाद की प्रभारी डीपीआरओ रत्ना प्रियदर्शिनी बनीं मोहनियां की एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फ़ेरबदल हुआ है। नीतीश सरकार ने बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के 51 अधिकारियों की ट्रांसफर और पोस्टिंग का आदेश जारी किया है। बिहार के कई अनुमंडल में एसडीओ बदले गए हैं। इसके अलावा, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, अपर समाहर्ता, उप सचिव स्तर के अधिकारियों का भी तबादला किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से 51 अफसरों के ट्रांसफर एवं पोस्टिंग की अधिसूचना बुधवार शाम को जारी की गई। जिन 51 अफसरों को नई पोस्टिंग दी गई है, उनमें से 27 पदाधिकारी पोस्टिंग की प्रतीक्षा में थे। बिप्रसे के वरीय अधिकारी मृणायक दास को स्वास्थ्य विभाग का अपर सचिव बनाया गया है। वहीं तारानंद महतो को कला एवं संस्कृति विभाग का अपर सचिव तैनात किया गया है। मोहम्मद

### कुमार विनोद बने औरंगाबाद के बंदोबस्त अधिकारी

अतहर सुन्नी वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे। अशोक कुमार गुप्ता को बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं जिन अनुमंडलों के एसडीओ बदले गये हैं वहां नये अधिकारी को तैनात कर दिया गया है। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार औरंगाबाद की वरीय उपसमाहर्ता सह प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी को मोहनियां (कैमूर), अभय कुमार तिवारी को फारबिसगंज (अररिया), विजय कुमार को सिकरहना (पूर्वी चंपारण), संजय कुमार को गोगरी (खगड़िया), विवेक चंद्र पटेल को महुआ (वैशाली), बलवीर दास को अररिया सदर, राजू कुमार को बारसोई (कटिहार), दिक्षित स्वेतम को पूर्णिया सदर, चांदनी कुमारी को बगहा, प्रियंका कुमारी को शेखपुरा एवं मनोहर कुमार साहू को सुपौल सदर का नया एसडीओ बनाया गया है। वहीं नवीन कुमार को रोहतास, प्रभात चंद्र को नालंदा और कुमार विनोद को औरंगाबाद का बंदोबस्त अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार अरुण कुमार को पूर्वी चंपारण, रवि प्रकाश को दरभंगा, रंजीत कुमार रंजन को पूर्णिया और ओम प्रकाश को पटना का जिला भू-अर्जन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। विजयंत को खगड़िया जिला परिवहन पदाधिकारी लगाया गया है। साकेत कुमार को नालंदा का जिला पंचायत राज पदाधिकारी तैनात किया गया है।

L.B.P.S
"सा विद्या या विमुक्तये"

LORD BUDDHA PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E. New Delhi upto 10+2 Level

CELEBRATING 25 YEARS OF EXCELLENCE

Buddh Vihar, Ward No.-1, Aurangabad, Bihar

उत्तर पूर्व भारत में गुणवतापूर्ण शिक्षा,
बेहतर परिणाम एवं सख्त अनुशासन के लिए
दीप स्तम्भ के रूप में

25 वर्षों से जाना-माना दिवसीय सह-आवासीय विद्यालय








डॉ. धनंजय कुमार
निदेशक

ADMISSION OPEN
SESSION 2026-27
Nur. to IX

A GRAND TRADITION OF EXCELLENCE

Contact No. 9771246057, 9470479905 | E-mail : lbpssbabad12@gmail.com

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यात्रा से पूरे बिहार में समृद्धि आएगी : संजय सरावगी

## दरभंगा की विकास योजनाओं को लेकर सीएम नीतीश कुमार का जताया आभार, दिया धन्यवाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा से न केवल बिहार में समृद्धि लाएगी, बल्कि इससे मिथिला भी समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी प्रगति यात्रा के दौरान जब दरभंगा आए थे तब 11 योजनाओं की घोषणा की थी और आज जब वे समृद्धि यात्रा में यहां पहुंचे हैं तो इन सभी योजनाओं की समीक्षा की। इन सभी योजनाओं का काम प्रारंभ हो गया है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताया और धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी समृद्धि यात्रा के क्रम में दरभंगा पहुंचे। उनके साथ मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेश




अध्यक्ष संजय सरावगी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार लगातार बिहार की यात्रा करते हैं। मुख्यमंत्री ऐसे तो पूरे बिहार की चिंता करते हैं, लेकिन वे सबसे अधिक चिंता मिथिला की करते हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बन रहे एयरपोर्ट टर्मिनल को देखा तो निर्माणधीन एक्सप्रेस हाइवे और निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा की समीक्षा की। इसके अलावा तीन ऐतिहासिक तालाब हराई, दिग्गी, गंगासागर के सौंदर्यीकरण और एकीकरण का भी जायजा लिया। इसके अलावा 1800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलिवेटेड रोड की भी समीक्षा की। इस रोड के बन जाने से दरभंगा को जाम से मुक्ति मिलेगी। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द योजना का काम पूर्ण करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विकास के साथ ही सनातन संस्कृति के आगे बढ़ने की भी चिंता कर रहे हैं। बाबा कुशेश्वर स्थान के विकास की बात हो या अहिल्या धाम में विकास की बात हो या मिथिला शोध संस्थान की बात हो, मुख्यमंत्री ने उन सभी की चिंता की। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि दरभंगा में आज एम्स का निर्माण हो रहा है। मिथिला के पुनौरा धाम में आज मां जानकी जन्मस्थली का विकास हो रहा है। आज सही अर्थों में पूरे मिथिला का कायाकल्प हो रहा है, यह उनकी लगातार हो रही यात्राओं से साफ दिखाई पड़ता है। उन्होंने विकास को लेकर कहा कि यहां के विधायक होने के नाते और खुशी होती है कि उनके क्षेत्र का कायाकल्प हो रहा है। 2005 के पहले का दिन आज भी याद है।

# किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार और उचित मूल्य : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उनके कृषि उत्पादों का उचित मूल्य उपलब्ध कराने तथा कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कृषि रोड मैप (2023-28) के अंतर्गत कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत कृषि उत्पादों के विपणन से जुड़ी सभी गतिविधियों को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि राज्य में कुल 53 कृषि उपज बाजार प्रांगण कार्यरत हैं। इनमें से वर्तमान में 22 बाजार प्रांगणों का चरणबद्ध ढंग से आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास किया जा रहा है। इन बाजार प्रांगणों में कृषि उत्पादन बाजार समिति सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा, बिहटा, पूर्णिया (गुलाबबाग), मुसल्लहपुर (पटना), आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मोतिहारी, गया, बेतिया, दाउदनगर, मोहनिया तथा स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बिहारशरीफ कृषि उत्पादन बाजार समिति शामिल हैं।



उन्होंने जानकारी दी कि दाउदनगर, वैशाली, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी एवं मोहनिया बाजार प्रांगणों में आधुनिकीकरण एवं विकास कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि शेष बाजार प्रांगणों में निर्माण एवं विकास कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इन बाजार प्रांगणों में आधुनिक शेड, सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, कार्यालय भवन सहित अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बाजार प्रांगणों के विकास का मुख्य उद्देश्य किसानों को उचित एवं लाभकारी मूल्य दिलाना, कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं मूल्य संवर्द्धन की सुविधा उपलब्ध कराना तथा बिचौलियों की भूमिका को कम करते हुए किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार पहुंच में भी सुधार होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के 20 कृषि उपज बाजार प्रांगणों को ई-नाम (राष्ट्रीय कृषि बाजार) से जोड़ा जा चुका है। इसके माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों का क्रय-विक्रय कर रहे हैं जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को देशव्यापी बाजार से जुड़ने का अवसर मिला है। मंत्री ने विश्वास जताया कि कृषि उपज बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण से बिहार की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनेंगे।

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का निधन केवल महाराष्ट्र की ही नहीं, देश की क्षति : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी ने एनसीपी नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के विमान हादसे में हुए निधन पर गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि महाराष्ट्र के बारामती में हुई विमान दुर्घटना में उपमुख्यमंत्री एवं एनडीए के हमारे सम्मानित साथी अजित पवार सहित कई लोगों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं स्तब्ध करने वाला है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के विकास और जनसेवा में अजित पवार का अमूल्य योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि वह दूरदर्शी नेता थे, जो हमेशा सच बोलते थे और सीधे बोलते थे। महाराष्ट्र को बदलने की उनमें इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प था जिसे उन्होंने अपने काम से साबित किया। अजित पवार का निधन केवल महाराष्ट्र की ही नहीं, देश की क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा यह हमारे पूरे राष्ट्रवादी परिवार के लिए बहुत दुखद और पीड़ादायक घटना है। अब वे हमारे बीच नहीं हैं और यह क्षति हमें गहरे दुख में डुबो गई है। अजित पवार जैसे लोगों का जाना न केवल राजनीतिक नुकसान है, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व की कमी है जिसने हमेशा लोगों के लिए काम किया। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों और उनके समर्थकों को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति दें।

## मेयर सीता साहू ने स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए राजकीय महाविद्यालय की बालिकाओं को किया प्रोत्साहित

# स्वच्छ सर्वेक्षण में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभायें : सीता साहू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम ने राजकीय महिला महाविद्यालय, गुलजार बाग, पटना के प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीना के निर्देशन में स्वच्छता जागरूकता गीत एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन बालिकाओं के मध्य किया। कार्यक्रम का उद्घाटन पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू, महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत तथा गायक राजेश केशरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर सीता साहू ने सभी



छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने पटना को नम्बर वन बनाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पटना नगर निगम द्वारा लगातार यही प्रयास किया जा रहा है कि किस तरह आप और हम मिलकर स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकें। आज महिलायें हर कदम पर आगे हैं। चाहे पढ़ाई लिखाई की बात हो या घर गृहस्थी चलाने की। महिलाएं हर जगह सफल होती रही हैं। इसीलिए आप सभी छात्राओं से मैं यही कहना चाहूंगी कि आप लोग स्वच्छता के प्रति भी समाज और देश को जागरूक करें। एक स्वस्थ समाज में ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है जब आप बालिकाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे हैं तो स्वच्छ सर्वेक्षण में भी आगे आयें और बढ़ चढ़ कर इसमें भाग लें। हमलोगों को मिलजुल कर पटना को नम्बर वन बनाना है। यह सब तभी संभव है जब आप अपने साथ-साथ परिवार के अन्य सदस्यों को भी इसमें शामिल करेंगी। महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने सभी छात्रों एवं अन्य श्रोताओं से विनम्र अनुरोध किया कि पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर बनाएं । इस विशेष अवसर पर बिहार की सुप्रसिद्ध लोक गीत गायिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने शानदार संगीत पर अपनी जानदार गीतों की प्रस्तुति दी। सबसे बड़ा है गहना साफ रहना, घर घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा। साफ सफाई अपनाएंगे, स्वच्छ पटना बनेगा । बड़ा जोर से चलल बाटे स्वच्छता अभियान हो इत्यादि की प्रस्तुति के दौरान बालिकाएं व शिक्षिकाएं खुशी से झूम उठीं एवं तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। राजेश केशरी ने भी बहुत सारे स्वच्छता जागरूकता गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने भी गीत संगीत की प्रस्तुति दी और वाद विवाद प्रतियोगिता में भी भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वाद विवाद प्रतियोगिता में सिल्की कुमारी, वैष्णवी कुमारी एवं निम्मी कुमारी विजयी रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय संकाय की शिक्षिकाएं डॉ. संगीता विश्वनाथ, डॉ. उषा यादव, डॉ. कुमारी निमिषा, डॉ. विनीता, डॉ. सबीहा अहसन, अनिता मिंज, डॉ. मंजू कुमारी, प्रभा कुमारी, डॉ. रंजू कुमारी, डॉ. पूनम कुमारी, अनिता एक्का इत्यादि उपस्थित रहीं। हारमोनियम पर राजू मिश्रा और तबला पर श्याम जी ने संगत किया।

## आज एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया एपिकॉन 2026 में जुटेंगे करीब दस हजार फिजिशियंस

# पटना में लगेगा फिजिशियंस का महाकुम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एपिकॉन 2026 का आयोजन आज से पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन सेंटर में प्रारम्भ हो रहा है। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव डॉ(प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि इस चार दिवसीय भव्य आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बापू सभागार में किया जाएगा। डॉ तिवारी ने बताया कि देशभर से लगभग 10,000 चिकित्सक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन के दौरान चिकित्सा विज्ञान से जुड़े नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों, तकनीकी नवाचारों तथा जनस्वास्थ्य से संबंधित समसामयिक विषयों पर गहन वैज्ञानिक विचार-विमर्श किया जाएगा। यहां वे अपने शोध एवं ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे। इसके साथ ही इस सम्मेलन के माध्यम से आम जनता तक स्वास्थ्य जागरूकता, रोगों की रोकथाम तथा बेहतर जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने का भी प्रयास होगा। आज 29 जनवरी 2026 को सम्मेलन के प्रथम दिन ज्ञान भवन, पटना के 9 हॉल में सीएमई (कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में विशेषज्ञ सत्र, पैनल चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र एवं राउंड टेबल डिस्कशन शामिल रहेंगे। ज्ञान भवन एवं बापू सभागार, पटना के 9 हॉल में मुख्य वैज्ञानिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, रूमेटोलॉजी, जेरियाट्रिक मेडिसिन, हीमैटोलॉजी, संक्रामक रोग सहित अनेक महत्वपूर्ण चिकित्सा विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चर्चा होगी। इन सत्रों में प्रमुख वक्ताओं में होंगे भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. नागेश्वर रेड्डी (हैदराबाद), डॉ के के पारीख, राजस्थान, डॉ एस अरुलह राज, तामिलनाडु, डॉ. शशांक आर. जोशी (मुंबई) एवं डॉ. दीपक तलवार (नई दिल्ली) जैसे चिकित्सक। डॉ. (प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि यह सम्मेलन बिहार के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि एपिकॉन 2026 से न केवल चिकित्सकों को लाभ मिलेगा, बल्कि आम जनता को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं एवं जागरूकता का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। आयोजन सचिव डॉ. (प्रो.) कमलेश तिवारी ने बताया कि एपिकान 26 की कमिटी में स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. डी. के. श्रीवास्तव एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. एस. के. सिन्हा हैं। इनके अतिरिक्त कमिटी में डॉ प्रो. पद्मश्री एस एन आर्या, डॉ प्रो. पद्मश्री सी पी ठाकुर, डॉ प्रो. पद्मश्री जी पी सिन्हा, डॉ प्रो. ए एन राय, डॉ प्रो. बी बी ठाकुर, डॉ अशोक कुमार, पीएमसीएच, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ अजय कुमार सिन्हा, एनएमसीएच, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ नरेश कुमार, आईजीआईएमएस, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ ज्योति प्रकाश, एम्स, मेडिसिन विभागाध्यक्ष, डॉ प्रो. डी पी सिंह, डॉ देवी राम, डॉ बी के सिंह, डॉ अमित कुमार दास, डॉ संजय कुमार (पल्मो), डॉ सुधीर कुमार (आईजीआईएमएस), डॉ विजय कुमार , डॉ रंजन कुमार, डॉ संतोष कुमार,आइजीआइएमएस डॉ शैबाल गुहा, डॉ अतुल कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य हैं।

# बिहार का पर्वतारोही जत्था गुजरात रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन के पर्वतारोही के जत्था को भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, मेरा युवा भारत के राजयनिदेशक सूर्यकांत कुमार एवं एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक सीए संजय कुमार झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सूर्यकांत ने बताया कि बिहार प्रतिभा के धनी प्रदेश है। खेल कूद में असीम संभावना है। हर पंचायत में खेल क्लब और युवा क्लब का गठन कर खिलाड़ियों और युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है साथ ही राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का मौका मिल रहा है। गिरनार पर्वतारोहण को फतह करेंगे पर्वतारोही। वही सीए पंडित संजय कुमार झा ने कहा कि खिलाड़ियों को मौका मिले तो बिहारी नौजवान कही भी झंडा लहरा सकता है। उन्होंने खेल कूद को



बढ़ावा देने के लिए हर गांव में खेल कूद के गतिविधियों को बढ़ाने की जरूरत है। बिहार सरकार ने मेडल लाओ नौकरी पाओ अभियान से खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाया है बिहार के खिलाड़ी को आगे बढाने के लिए फाउंडेशन सतत प्रयासरत है। वही गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि खेलेगा भारत तब खिलेगा भारत। उन्होंने कहा खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग किया जायेगा। साथ ही मार्च में राज्यस्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता और मंदार पर्वतारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मौके पर केदारनाथ सिंह, अविनाश पांडेय, ऋतिक राज वर्मा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। जत्था अंकित कुमार, स्नेहा कुमारी, मंटू कुमार, कृति कुमारी, दिव्या कुमारी, ज्ञानति, लखमुनि, पूनम, अर्चना, खुशी रानी, फिजानाज, प्रियंका, मुस्कान, तन्नू, जय, दीपक, श्रवण, ओम, पीयूष, रौशन, शिवन, सोनु, तरुण, इंद्रजीत, रमन, चिंटू, अनीश समेत दर्जनों पर्वतारोही शामिल रहे।

## धनबाद-टाटानगर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस पांच फरवरी से टाटानगर के बजाए चलेगी धनबाद और आदित्यपुर स्टेशन के मध्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु धनबाद और टाटानगर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 13301/13302 धनबाद-टाटानगर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का टर्मिनल परिवर्तन किया जा रहा है। 05 फरवरी, 2026 से स्वर्ण रेखा एक्सप्रेस टाटानगर के बजाए आदित्यपुर स्टेशन परिचालित की जाएगी जिसका विवरण निम्नानुसार है - 05 फरवरी, 2026 से टर्मिनल परिवर्तन के उपरांत गाड़ी सं. 13301 धनबाद-आदित्यपुर स्वर्णरेखा एक्सप्रेस धनबाद से 05.30 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रूकते हुये 12.05 बजे आदित्यपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 13302 आदित्यपुर-धनबाद स्वर्णरेखा एक्सप्रेस आदित्यपुर से 15.35 बजे प्रस्थान कर पूर्व निर्धारित समय एवं स्टेशनों पर रूकते हुये 22.25 बजे धनबाद पहुंचेगी।

## सीबीसी, पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का होगा शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल /पटना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में 'विकसित भारत अ 2047' विषय पर दिनांक 29 से 30 जनवरी 26 तक 2 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे- स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, विबी- जी राम जी, आयुष्मान कार्ड आदि को समाज के सभी तबकों तक प्रचार प्रसार और ऑन स्पॉट सुविधा प्रदान करना है। साथ ही प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड, आधार सुधार, सुकन्या समृद्धि योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुफ्त चिकित्सा आदि का कैंप लगाकर निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सरकार द्वारा चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित परिचर्चा, जन संवाद, प्रदर्शनी, लोक सांस्कृतिक आदि कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम के पूर्व आउटरीच अभियान के तहत विकसित भारत 2047 : महत्वाकांक्षी लक्ष्य विषय आधारित निबन्ध प्रतियोगिता और फनगेम का आयोजन पायस मिशन स्कूल परिसर, अरवल में किया गया जिसमें बच्चों द्वारा बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा लिया गया। मौके पर सीबीसी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह एवं सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन, प्राचार्या सोनम मिश्रा, पत्रकार समीर रंजन व विद्यालय के सभी शिक्षक एवम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## बारामती विमान हादसे पर लोकमंच ने प्रकट की संवेदना, सिकंद ने अजित पवार को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महाराष्ट्र के बारामती में घटित भीषण विमान दुर्घटना को लेकर भारतीय लोकमंच पार्टी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने इस दुखद घटना को देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक बताया। हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार सहित छह लोगों के असामयिक निधन से पूरे राष्ट्र में शोक का माहौल है। अपने वक्तव्य में श्री सिकंद ने कहा कि अजित पवार ने लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहकर महाराष्ट्र के राजनीतिक और प्रशासनिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका अचानक निधन राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। लोकमंच इस दुखद दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करती है। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करती है कि वे दिवंगतों को चिरशांति प्रदान करे7

## गणतंत्र दिवस समारोह पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित लिट्ल ऐंगल पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में काफी उत्साहपूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा बच्चों को उपहार भी दिया गया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा मुख्यालय



कार्यालय में अखिल भारतीय ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में रेलवे बोर्ड द्वारा चयनित पूर्व मध्य रेलवे के दो प्रतियोगियों को विशेष पुरस्कार पदक, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रेलवे अस्पताल सीएसएसएच/पटना में इलाज करा रहे बीमार कर्मचारियों को संगठन की अध्यक्षा और अन्य सदस्यों के द्वारा फ्रूट एंड बिस्किट के साथ मिल्टन की टिफिन बॉक्स और नवजात शिशु के लिए मच्छरों से बचाव वाला बिस्तर उपहार स्वरूप दिया गया।

## शिक्षा, नीति और नवाचार का संगम

### टीचर्स ऑफ बिहार के सातवें स्थापना दिवस पर सात डिजिटल प्रकाशनों का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षकों के हित, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं नीतिगत विमर्श को समर्पित प्रतिष्ठित संगठन 'टीचर्स ऑफ बिहार' के सात वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा के अवसर पर स्थापना दिवस समापन उत्सव समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन शिक्षा जगत में संगठन की सक्रिय भूमिका, संघर्ष और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बना। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं शिक्षाविदों द्वारा किया गया। समारोह में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। समारोह में डॉ. एस. सिद्धार्थ, पूर्व अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, प्रो. डॉ. अमरेंद्र बेहरा, संयुक्त निदेशक, प्रो. डॉ. उषा शर्मा, प्रधान, राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ, प्रो. डॉ. चारु स्मिता मलिक, सहायक प्राध्यापक, नई दिल्ली सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा व्यवस्था में नवाचार, शिक्षक सशक्तिकरण, डिजिटल संसाधनों के उपयोग और समावेशी शिक्षा की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए।

# शांति लाल जी सेठी के प्रथम स्मृति दिवस पर शांतिनाथ विधान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्व. शांति लाल जी सेठी की प्रथम स्मृति दिवस के अवसर पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, काली बीबी कटरा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में शांतिनाथ विधान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने स्व. शांति लाल जी सेठी के धर्मनिष्ठ, सरल एवं सेवा भाव से परिपूर्ण जीवन को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। शांति विधान का आयोजन विधि-विधान से शांत, आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने



भाग लिया। विधान के दौरान भगवान श्री शांतिनाथ के गुणों का स्मरण करते हुए विश्व शांति, समाज कल्याण एवं मानवता के उत्थान की कामना की गई। इस अवसर पर महेश जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन एवं मनोज जैन सेठी सहित परिवारजनों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि स्व. शांति लाल जी सेठी का जीवन सादगी, सत्य और धार्मिक मूल्यों पर आधारित रहा, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

CMYK

## मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

# जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहण प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा घोषित प्रगति यात्रा के आलोक में जिला रोहतास में संचालित, प्रस्तावित एवं प्रक्रियाधीन विकास योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा हेतु जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी, उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में रेहल से रोहतासगढ़ किला होते हुए चौरासन मंदिर तक पथ निर्माण योजना की समीक्षा की गई जिसकी अनुमानित लागत 66.89 करोड़ है। यह



योजना पर्यटन एवं ऐतिहासिक महत्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने इस योजना को प्रगति यात्रा की दृष्टि से प्राथमिकता में रखते हुए वन विभाग को आवश्यक स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि डिहरी-तेतराढ़-राजपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है तथा समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादित किया जा रहा है। बताया गया कि आयरकोठा-अकोढ़ीगोला-अमरा तालाब पथ (भाग-ए) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है। अकोढ़ीगोला बाईपास पथ निर्माण योजना जिसकी अनुमानित लागत 88.78 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि यह योजना भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत है तथा आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट, 2013 के तहत अधिसूचना जारी की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अधिग्रहण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। बताया गया कि नोखा-नासरीगंज पथ के दूसरे किलोमीटर में बक्सर मुख्य कैनाल पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल एवं पहुंच पथ निर्माण योजना कार्य बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और वर्तमान में प्रगति पर है। कोचस में नागरिक सुविधाओं के लिए नए बस स्टैंड निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि कुदरा-चेनारी-मल्हीपुर पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वन विभाग से एनओसी लंबित रहने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिला पदाधिकारी द्वारा इसे नगर निकाय क्षेत्र से जल्द कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। पुरानी जीटी रोड के बेदा कैनाल से रेलवे लिंक पथ (भाग-1) के सुदृढ़ीकरण कार्य कार्य प्रगति पर है। बेदा-बभनपुरा कैनाल से एनएच-19 (भाग-2) पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। आयरकोठा-अमरातालाब टू-लेन पथ (भाग-बी) का कार्य प्रगति पर है। कोचस में आरा-मोहनियां पथ पर बाईपास निर्माण का कार्य प्रगति पर है डिहरी-बिक्रमगंज-दिनारा पथ पर नाला निर्माण योजना का कार्य प्रगति पर है। बैठक में करगहर-बड़हरी-धर्मपुरा पथ के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य तथा बरांव-जहानाबाद पथ के उन्नयन कार्य की भी समीक्षा की गई। दोनों योजनाएं प्रगति पर पाई गईं। बैठक में बताया गया कि पर्यटन विकास के अंतर्गत इंद्रपुरी जलाशय के समीप पर्यटन हाट निर्माण योजना प्रगति पर है। संझौली प्रखंड अंतर्गत वाजितपुर में कांव नदी पर पुल निर्माण प्रगति पर है। औद्योगिक विकास के अंतर्गत डिहरी औद्योगिक क्षेत्र के विकास योजना जिसकी लागत 6.50 करोड़ है, पर चर्चा की गई। बताया गया कि सामाजिक प्रभाव आकलन (एसआइए) से संबंधित विशेषज्ञ समिति की बैठक हो चुकी है ।

## पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधकउदय सिंह मीना द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। मंडल मुख्यालय स्थित बाकले रेल ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में स्कूली छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान गाया गया तथा मंडल रेल प्रबंधक द्वारा रेल सुरक्षा बल, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड आदि की पलटन का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गयी। अपने संबोधन में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाओं के साथ मंडल रेल प्रबंधक द्वारा चालू वित्त वर्ष में डीडीयू मंडल की अब तक प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर रेल अधिकारियों सहित पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन/डीडीयू मंडल की अध्यक्षा चित्रा सिंह व सदस्याएं, मंडल में कर्मचारी यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में रेल कर्मी व आमजन उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह में रेलकर्मियों, डीडीयू मंडल के कला समिति, स्काउट एवं गाइड सदस्यों, स्कूली बच्चों द्वारा देशप्रेम से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राष्ट्र प्रेम के प्रतीक संदेश के तौर पर राष्ट्रध्वज के रंगों वाले गुब्बारे हवा में छोड़े गए।

## वाहन जांच अभियान में 66 वाहनों से 2.62 लाख की वसूली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहा एवं आसपास के इलाकों में मोटर वाहन निरीक्षक के के त्रिपाठी के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस विभाग के जवानों को साथ लेकर सघन जांच की गई। अभियान में कुल 66 वाहनों से नियम उल्लंघन के आरोप में 2,62,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, बिना वैध कागजात, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। एमवीआई के के त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चलाया गया है। ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें और अपने वाहन के सभी वैध कागजात साथ रखें। उन्होंने कहा कि जीवन बहुत अनमोल है और इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सबसे पहले स्वयं व्यक्ति की होती है। नियमों का पालन कर ही सुरक्षित यात्रा संभव है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## नारायण युवा उत्सव में पुरुष एवं महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** गत सप्ताह से चल रहे नारायण युवा उत्सव 2026 में पुरुष एवं महिला वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। विश्वविद्यालय के खेल समन्वयक डॉक्टर राजीव रंजन ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में अनुवालिया दयाल नारायण मेडिकल कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि नारायण कृषि विज्ञान संस्थान की कविता कुमारी द्वितीय स्थान पर तथा नारायण एकेडमी आफ मैनेजेरियल एक्सीलेंस की कल्पना तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि बालक वर्ग में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के हर्षवर्धन प्रथम स्थान पर तथा मोहम्मद अबूजार द्वितीय स्थान पर रहे





जबकि तृतीय स्थान नारायण एकेडमी आफ मैनेजेरियल एक्सीलेंस के शुभम कुमार यादव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार 200 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग से नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अनुवालिया दयाल ने प्रथम स्थान जबकि नारायण नर्सिंग कॉलेज की रजनी देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा नारायण कृषि विज्ञान संस्थान की अश्विनी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। 200 मीटर के बालक वर्ग में नारायण नर्सिंग कॉलेज के आशीष कुमार प्रथम स्थान पर तथा अक्षत आनंद दूसरे स्थान पर रहे जबकि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पवन सिंह तीसरे स्थान पर रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका वर्ग में चार गुना 100 रिले दौड़ में नारायण नर्सिंग कॉलेज की स्वर्ण साक्षी, अमीषा पटेल, दीक्षा मिश्रा एवं रजनी देवी की टीम पहले स्थान पर रही जबकि सूचना प्रौद्योगिकी की अर्चना कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, श्रेया कुमारी एवं नेहा कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अनुवालिया दयाल, भवन भारती, श्रेया चौधरी एवं रिया कुमारी तीसरे स्थान पर रही। बालक वर्ग के चार गुणा सौ रिले दौड़ में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के हर्षवर्धन, मोहम्मद अबूजार, विजय पटेल एवं प्रिंस पहले स्थान पर रहे जबकि नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ एलाइड हेल्थ साइंसेज के रोशन राज, सुनील यादव, धीरज कुमार, अनुराग कुमार दूसरे स्थान पर रहे तथा नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के अविनाश कुमार, अमर सिंह, सनोज कुमार तथा शुभम राज तीसरे स्थान पर रहे।

## एसडीएम के नेतृत्व में समीक्षात्मक बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज।** अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के द्वारा बुधवार को विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों के अवलोकन एवं समीक्षा के लिए बैठक आहू की गई जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा कई तरह की समस्याओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई और इस पर चल रहे विभिन्न प्रकार के गतिविधियों की जानकारी ली गई। इस समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारी तथा संबंधित थाने के थाना अध्यक्ष भी शामिल हुए। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज प्रभात कुमार के द्वारा बताया गया कि विधि व्यवस्था, लोक शिकायत, तथा भूमि विवाद से संबंधित बैठक की गई और इससे संबंधित विभिन्न मामलों की जानकारी ली गई और इसकी गति का अवलोकन किया गया। मामले के त्वरित निष्पादन के संबंध में कई प्रकार के निर्देश दिए गए। वहीं हर प्रकार के मामले की अद्यतन जानकारी भी प्राप्त की गई।

## डा संजय प्रशंसा अवार्ड से हुए सम्मानित, चिकित्सकों ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी निवासी डा. संजय कुमार सिंह को प्रदेश आईएमए द्वारा प्रशंसा अवार्ड से सम्मनित होंने पर स्थानीय चिकित्सकों ने उन्हें बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पाली रोड स्थित आई एम ए हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में सचिव डा अमिताभ ने कहा कि गत 26 जनवरी को बिहार आई एम ए द्वारा डा. कुमार को प्रशंसा अवार्ड से सम्मानित किये जाने से हम सभी गौरवान्वित हैं। उन्होंने बताया कि यह अवार्ड पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने प्रदान किया। समारोह आयोजित कर बधाई देनेवालों में स्थानीय आई एम ए के अध्यक्ष डा उदय सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सक डा गीता सिन्हा, डा आर डी सिंह, डा रागिनी सिन्हा, डा सतेन्द्र शंकर, डा उमेश कुमार, डॉ बिरेंद्र, डा कंचन, डा आसिफ, डा. नवीन नटराज समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।

### अ. क. स. ने डॉ. संजय कुमार को 'सोन गौरव सम्मान' से किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर एवं जिले के जाने-माने वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. संजय कुमार सिंह को जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा 'सोन गौरव सम्मान' एवं 'अंग वस्त्र' प्रदान कर भव्य रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान, सामाजिक सेवा भावना, रोगियों एवं पीड़ितों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण, शल्य चिकित्सा में उच्च दक्षता तथा जरूरतमंदों के प्रति निःस्वार्थ सेवा भाव को देखते हुए प्रदान किया गया। गौरतलब है कि डॉ. संजय कुमार सिंह को यह प्रतिष्ठित




सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना में आयोजित ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन एप्रिसिएशन अवार्ड समारोह में भी प्रदान किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय शंकर सिंह सहित राज्य भर से आए कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित चिकित्सक मौजूद थे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन बिहार द्वारा दिया गया यह सम्मान चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को प्राथमिकता देने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में हर्षोल्लास के साथ मना 77वां गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में आज 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी रही। समारोह की मुख्य अतिथि कमला देवी, चेयरमैन, रामजग सिंह मेमोरियल ट्रस्ट रहीं। विद्यालय के निदेशक सह सेक्रेटरी आनंद सिंह ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। अपने संबोधन में निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारे राष्ट्रीय पर्व संवैधानिक व्यवस्थाओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। निदेशक ने



यह भी बताया कि आर एस के पब्लिक स्कूल ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है और यह जिले का पहला विद्यालय है जहां शिक्षकों द्वारा नियमित ऑनलाइन अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, संगीत एवं ऑपरेशन सिंदूर घटना का भावनात्मक मंचन प्रस्तुत किया जिसे देखकर कई अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। देश की सशक्त छवि को दर्शाती कविताओं की प्रस्तुति की भी खूब सराहना हुई। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की परेड का निरीक्षण मुख्य अतिथि कमला देवी एवं निदेशक आनंद सिंह द्वारा किया गया। पीटी का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ, वहीं बालिकाओं ने आत्मरक्षा के तहत जूडो-कराटे की विभिन्न विधाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

## जिले के प्रधान सहायक और लिपिकों को मिला प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** जिला समाहरणालय के लिच्छवी भवन में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण को लेकर जिले के प्रधान सहायकों व लिपिकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कोषागार पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण स्थापना उप समाहर्ता पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया। कार्यशाला में प्रधान सहायकों और लिपिकों को सेवा संपुष्टि, वरीयता सूची का निर्धारण और अनुशासनात्मक कार्रवाई से जुड़े नियमों की जानकारी दी गयी। साथ ही सेवा पुस्तिका के संधारण, अवकाश नियमों, एसीपी व प्रोन्नति और पंजियों के संधारण की तकनीकी जानकारी भी विस्तार से दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि फाइलों का रख-रखाव सिस्टमेटिक हो, ताकि आम जनता के कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो।

## यूजीसी एक्ट के खिलाफ सनातनी चंदन बाबा का दौरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** केंद्र सरकार के द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज की ओर से सनातनी चंदन बाबा के नेतृत्व में अनेक स्थानों पर दौरा किया गया और सवर्ण समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान के तहत अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड में आयोजन किया गया। क्षेत्र के बैरिया गांव में शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस बैठक में सनातनी चंदन बाबा के द्वारा भाजपा सरकार एवं देश के मुखिया नरेंद्र मोदी की सरकार को इस एक्ट के वापस लेने के लिए सवर्ण समाज के लोगों से एक रहने का आहवान किया गया, वहीं बिल को वापस नहीं लेने की स्थिति में जगह-जगह आंदोलन चलाए जाने की



बातें भी कही गई। लोगों ने केंद्र सरकार मुर्दाबाद, केंद्र सरकार होश में आओ, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, यूजीसी एक्ट वापस लो आदि के नारे लगाए गए। उपस्थित लोगों ने इस एक्ट के विरुद्ध सवर्ण समाज को आगे आने की बातें कहीं और सवर्ण समाज के चुने गए प्रतिनिधियों को आवाज उठाने का आहवान किया। यह भी कहा गया कि सवर्णो के वोट के बदौलत बीजेपी केंद्र सरकार के रूप में अस्तित्व में आई। इस सवर्ण समाज को भेदभाव के तहत किनारा लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सनातनी बाबा ने अपनी शिखा अर्थात चोटी को दिखाते हुए कहा कि जब तक केंद्र सरकार यूजीसी एक्ट को वापस नहीं ले लेती तब तक अपने शिखा को नहीं कटवाएंगे।

## मदरसा तजवीदुल कुरआन कमेटी के जानिब ने किया मजलिस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय 12 पत्थर जामा मस्जिद में वर्षों से चलने नाममी गेरामी मदरसा तजवीदुल कुरआन जो आज अपने नए बिल्डिंग में हाफिज अलीम व कारी मुस्लिम मुफ्ती साहब के जरिए बेहतरीन ढंग से चलाई जा रही है जिसमें तकरीबन 60/70 बैरुनी तोलबा तालीम हासिल करते हैं। फिलहाल तीन बच्चों को मुकम्मल हाफिज होने पर एक बड़ी मजलिश मुनक्कीद की गई। सेक्रेट्री जनाब नेसार खान ने कहा कि मदरसे के तामिर में लम्बे खर्च के वजह कर बड़े प्रोग्राम न होकर लोकल 4/5 सौ लोगों को दुवा में शामिल किए गए जिसमें जामा मस्जिद के पेशीमाम हाफिज सोहराब साहब, मौलाना कारी अफजल साहब, हाफिज अमानुललाह, इदगाह मस्जिद के इमाम साहब, डॉक्टर आशिफ, डॉक्टर हसनैन निसार साहब, मुख्तार आलम, मौलाना मो मुर्शिद, आरिफ इम्तियाज, फिरोज दिगर सैकड़ों लोग मौजूद थे। दूसरी तरफ वार्ड नंबर 24 में चल रहे मदरसा जामेकासमिया दारूल कुरआन में (7 सात) हाफिज हुए।

## लोक संवाद विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय रामा जैन बालिका उच्च विद्यालय सासाराम में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत प्रधानाध्यापक सह संचालक कम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर डॉ शैलेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षक के रुप में राकेश रंजन मिश्र ने बताया कि एक आदर्श विद्यालय तैयार होने में लोक भागीदारी की अहम भूमिका होती है। शिक्षा समिति का यह दायित्व है कि वह विद्यालय के समुचित विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में अपना योगदान एवं सहयोग अवश्य करें। समिति की बैठक नियमित समयांतराल पर होनी चाहिए एवं सभी निर्णयों को सामूहिक स्थिति में लिया जाना चाहिए जब एक विद्यालय आदर्श स्थिति को प्राप्त करता है तो वहां से निकलने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन पर उसका प्रभाव रहता है एवं एक विकसित समाज, राज्य एवं देश के होने में अपना योगदान सुनिश्चित करता है। संभाग प्रभारी पंकज कुमार की देखरेख में सात विद्यालयों यथा रमा जैन बालिका मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय करन सराय, प्राथमिक विद्यालय खैरी, मध्य विद्यालय हेली डे रोड, रा0 न0 उ0 मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उ0 म0 विद्यालय शाह जलालपीर, प्रा0 वि0 कबीरगंज के सभी शिक्षा समिति के प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य तीन सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। यह प्रशिक्षण लगातार तीन दिनों तक चलेगा जिसमें विद्यालय की रीढ़ शिक्षा समिति को और सशक्त बनाया जा सके। यह एक कार्यक्रम नहीं अपितु एक विश्वास का प्रतीक है।

## कमलेश सिन्हा बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अधिवक्ता मंच के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ रोहतास (बिहार) के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अधिवक्ता मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा ने कमलेश कुमार सिन्हा को अपने पटना स्थित कार्यालय में मनोनयन पत्र देते हुए अंग वस्त्र से सम्मानित कर बधाई दिये। राजीव रंजन सिन्हा ने कहा कमलेश कुमार सिन्हा लगभग 20 वर्षो से भाजपा विधि प्रकोष्ठ में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। साथ ही ये कायस्थ महासभा में भी सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं जो हमारे समाज के लिए



गर्व की बात है। इनके द्वारा अधिवक्ताओं के हित के साथ-साथ समाज के हित में किये गये कार्य काफी सराहनीय रहे हैं, हम इनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि इनके अनुभव और कार्य करने की शैली से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बिहार प्रदेश के अधिवक्ता मंच के माध्यम से ये अधिवक्ताओं के हित में कार्य कर एक नया आयाम स्थापित करेंगे।

# फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अशोक कुमार जैन उच्च विद्यालय के खेल के मैदान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर फाइनल फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। फाइनल फुटबॉल मैच नासरीगंज और घोसिया कला के बीच खेला गया। मैच की आयोजक इंजीनियर चंदन भगत ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट में चार जगह की टीम नासरीगंज डालमिया नगर घोसिया कला एवं आलमपुर की टीम ने हिस्सा लिया था। अंतिम फाइनल मैच नासरीगंज और घोसिया कला के बीच खेला गया। मैच का



उद्घाटन रोहतास के पूर्व जिला पार्षद अध्यक्ष सह वर्तमान जिला परिषद सदस्य डिहरी नथुनी पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ राजेंद्र प्रसाद, श्रीकांत पाल, मिट्ठू सिंह, मनोज गुप्ता, शारदा कुंवर, टप्पू सिंह, मनोज यादव, अजीत सिंह, विवेक सिंह, संजीव कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा बारी-बारी से गेंद को किक मारकर किया। दर्शकों को संबोधित करते हुए नथुनी पासवान ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है ऐसा आयोजन समय पर होना चाहिए उन्होंने आदर्श फुटबॉल कमेटी को धन्यवाद दिया। इस फाइनल फुटबॉल मैच में घोसिया कला की टीम ने नासरीगंज की टीम में दो गोल-दाग कर दो गोल से जीत हासिल की। शुरुआती दौर से ही घोसिया कला की टीम नासरीगंज की टीम पर हावी रही मध्यांतर से पहले एक गोल और मध्यांतर के बाद एक गोल दाग कर दो गोल से घोसिया कला की टीम ने जीत हासिल की। रेफरी के रूप में अमजद हुसैन और लाइन मैन के रूप में पप्पू गोस्वामी तथा संजय कुशवाहा रहे। मौके पर मुकीम अंसारी पवन श्रीकांत मोहित चंदन पाल परवेज आलम स्नेही इमरान आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने किया लोक संस्कृति पर आधारित नाटक का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पूजा के अवसर पर क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों एवं नवज्यूकों ने रंगमंच आधारित नाटक का आयोजन भी किया। प्रखंड क्षेत्र बिक्रमगंज के ढोढनडीह में 'छोटकी पतोह' नामक सामाजिक भोजपुरी नाटक की प्रस्तुति की गई। इसका उद्घाटन काराकाट विधायक अरुण सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक अरुण सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीणों के बीच एकता स्थापित करने में सहायक होते हैं। प्रस्तुत नाटक में अंकित कुशवाहा, प्रेमचंद सिंह, विशाल कुमार जैसे कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभाई। वही विधायक ने मनरेगा योजना में केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलावों की आलोचना की और कहा कि इससे बिहार के मजदूरों को नुकसान होगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद मनोज यादव, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज, डॉ. अशोक सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रस्तुत नाटक का निर्देशन संजय कुशवाहा ने किया। समिति के अध्यक्ष सुशील कुशवाहा, संयोजक राजबहादुर कुशवाहा और कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र कुशवाहा ने अतिथियों को सम्मानित किया। नाटक में मुख्य भूमिका अंकित कुशवाहा प्रेमचंद सिंह विशाल कुमार मनीष कुशवाहा जय प्रकाश सिंह हिमांशु कुमार सूरज कुशवाहा सूरज कुशवाहा अंकित कुमार धनजी कुमार दीपू कुशवाहा रिंकू कुशवाहा राजकुमार आदर्श कुमार गौतम कुमार नितिन कुमार आदि ने निभाई जबकि अरुण सिंह के द्वारा रंग मंच के आंतरिक सज्जा किया गया।

## एक नजर

### छात्र ने की आत्महत्या

**बिहारशरीफ**। गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत मानपुर गांव में मंगलवार की रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक 18 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान समीर कुमार के रूप में हुई है, जो मानपुर गांव निवासी कुलदीप चौधरी का बेटा था। परिजनों के अनुसार समीर अपने भाई सचिन के साथ छत पर बने कमरे में सो रहा था। रात के दौरान वह पानी पीने के लिए नीचे गया, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। जब भाई सचिन उसे देखने नीचे गया तो एक कमरा अंदर से बंद मिला। वेंटिलेटर से झांक कर देखने पर समीर को पंखे के सहारे फंदे से लटका देखा गया। घटना के बाद घर में शोर मच गया। परिजन और अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर समीर को नीचे उतारा गया। आनन-फानन में उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
मामले को लेकर गिरियक थानाध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने बताया कि आत्महत्या की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### श्रम विभाग ने छापामारी कर एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**बिहारशरीफ/ नबिटा ब्यूरो**। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश पर नालंदा जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सतीश सिंह के नेतृत्व में बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत सोहसराय क्षेत्र में विशेष धावा दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान सोहसराय स्थित एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। मौके पर ही धावा दल ने बाल श्रमिक को सुरक्षित मुक्त कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू की। इस संबंध में श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने कहा कि नालंदा जिला अंतर्गत बाल श्रम के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषी नियोजकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजक के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। वहीं, विमुक्त बाल श्रमिक को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, ताकि उसके संरक्षण एवं पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जा सके। इस विशेष धावा दल में सतीश सिंह (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बिहारशरीफ), राकेश कुमार (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, थरथरी), चांदनी रस्तोगी (श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, हरनौत), आईडिया संस्था नालंदा से उज्ज्वल कुमार व अश्विनी कुमार, प्रयास संस्था से शैलेंद्र, तथा सोहसराय थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

### नवादा विधि महाविद्यालय में साइबर अपराध पर कार्यशाला को लेकर बैठक

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। बुद्धवार को नवादा विधि महाविद्यालय, नवादा के कैंपस–2, सोनसरी में आगामी 31 जनवरी 2026 से आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला की तैयारियों को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला साइबर अपराध जैसे गंभीर और बढ़ते विषय पर केंद्रित होगी। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डी.एन. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। जानकारी और जागरूकता के अभाव में आमजन इसके शिकार हो रहे हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट और तकनीक का बढ़ता उपयोग जहां सुविधाएं प्रदान कर रहा है, वहीं साइबर अपराधियों को भी नए अवसर दे रहा है। ऐसे में समाज को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम नागरिकों को साइबर अपराध के प्रकार, उनके दुष्परिणाम तथा उनसे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना है। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध से जुड़ी विभिन्न जानकारियाँ साझा की जाएंगी, जिसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अपराध, डेटा चोरी, बैंकिंग फ्रॉड एवं साइबर कानूनों की जानकारी शामिल होगी।

### आदर्श सिटी की टीम जीती

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा लौंद हाई स्कूल में आयोजित ए डिविजन क्रिकेट लीग के मैच में आज आदर्श सिटी का मुकाबला नवादा क्रिकेट अकादमी की टीम से हुआ जिसमें नवादा क्रिकेट अकादमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 ओवर में 190 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आदर्श सिटी के बल्लेबाज आनंद ने 48 पीयूष राज ने 36 जबकि गौतम ने 32 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी करते हुए आदर्श सिटी के गेंदबाज अंकित एवं रोशन ने तीन-तीन खिलाड़ियों को जबकि फैजान ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदर्श सिटी की टीम ने 27 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाकर मैच को आसानी से जीत लिया। आदर्श सिटी के बल्लेबाज त्रिशांत सिंह ने शानदार शतक 113 रन जबकि प्रभात कुशवाहा ने 43 और सचिन कश्यप अपने 22 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। इस तरह से आदर्श सिटी क्रिकेट क्लब की टीम ने नवादा क्रिकेट अकादमी की टीम को 8 विकेट से पराजित किया आज के मैच में शानदार शतक लगाने वाले बल्लेबाज श्रीशांत सिंह को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी दी गई।

वही कादिरगंज में आयोजित बी डिवीजन लीग में आज चैलेंजर क्रिकेट क्लब की टीम ने रजौली की टीम को 87 रनों से पराजित कर दिया। चैलेंजर की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 233 रन बनाए वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजौली की टीम 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। और चैलेंजर की टीम 87 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले आशीष बबलू को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई आशीष बबलू ने शानदार पांच विकेट झटके और चैलेंजर की टीम को जीत दिलाई।

### नकदी व जेवरात समेत लाखों की संपत्ति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**नवादा/नबिटा ब्यूरो**। हिसुआ थाना क्षेत्र के दोना पंचायत अंतर्गत भोला बीघा गांव में चोरों ने दो सगे भाइयों के बंद घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दोनों भाई पूरे परिवार के साथ बाहर ईंट भट्ठों पर काम करने गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उनके घरों के ताले तोड़ दिए और लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। इस घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोला बीघा निवासी राजा राम चौहान के पुत्र रामाशीष चौहान एवं जयलाल चौहान अपने-अपने परिवार के साथ बाहर मजदूरी करने गए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान पड़े घरों को निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलते ही हिसुआ थाना के एसआई परदेशी कुमार एवं एएसआई शत्रुघ्न राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने जल्द खुलासे का आश्वासन देते हुए चोरों की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए छानबीन तेज कर दी है।

### कन्या मध्य विद्यालय में छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के कन्या मध्य विद्यालय कौआकोल में समारोह का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध कुमार पासवान ने बताया कि गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में झंडोतोलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय की सचिव पूजा कुमारी के द्वारा कॉपी, कलम आदि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक रणवीर कुमार, सुभद्रा कुमारी पासवान, इम्तियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

# ट्रैफिक डीआइजी ने जाम और सड़क सुरक्षा पर दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। ट्रैफिक डीआइजी सुशांत कुमार सरोज बिहारशरीफ पहुंचकर वरीय पुलिस व ट्रैफिक अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की यातायात व्यवस्था, जाम की समस्या और सड़क सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को जाम से निजात दिलाना और सड़क हादसों में कमी लाना रहा। बैठक के दौरान डीआईजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहर के हर चौक-चौराहे पर खाकी वर्दी की सशक्त मौजूदगी दिखनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर तैनात रहें और लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीआईजी सुशांत कुमार सरोज ने ट्रैफिक डीएसपी और संबंधित थानाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया कि सड़क हादसों में मृत्यु की स्थिति में पीड़ित परिवार के आश्रितों को मिलने वाली सहायता राशि में किसी तरह की देरी न हो। इसके लिए उन्होंने अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी आवश्यक कागजात को जल्द से जल्द ऑनलाइन अपलोड कराने पर जोर दिया, ताकि पीड़ित परिवार को त्वरित राहत मिल सके। शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या पर चिंता जताते हुए डीआईजी ने प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने का निर्देश दिया। साथ ही हाईवे पेट्रोलिंग को और अधिक तेज करने तथा ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों को हर समय 'मस्टर्ड' यानी सतर्क रहने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई से ही सड़क दुर्घटनाओं और जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। बैठक में डीएसपी खुर्शीद आलम, थाना अध्यक्ष सुशील कुमार राहुल समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### एसपी ने थाना में लगाया जनता दरबार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जनता दरबार लगाकर लोगो की समस्याओं को सुना और उसके निदान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से सुना। इस दौरान प्रत्येक आवेदन पर त्वरित, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए पुलिस–जन संबंध को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को न्याय और राहत दिलाने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## 'आरआरआर' केंद्र का आगाज, अब कूड़े में नहीं जाएगा काम का सामान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को अधिक प्रभावी, आधुनिक और जन-उपयोगी बनाने की दिशा में नगर परिषद नवादा ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण पहल की। शहर के प्रमुख स्थल प्रजातंत्र चौक पर आर.आर.आर. (रिड्यूस, रियूज, रीसायकल) केंद्र की विधिवत शुरुआत की गई। इस केंद्र का उद्घाटन मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी की मौजूदगी में किया गया। आरआरआर केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य घरेलू स्तर पर अनुपयोगी हो चुकी वस्तुओं का सही उपयोग सुनिश्चित करना है। अब शहरवासी पुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने सहित अन्य उपयोगी सामान कूड़े में फेंकने के बजाय इस केंद्र में ससम्मान दान कर सकेंगे। नगर परिषद द्वारा इन सामग्रियों का संग्रहण व छंटनी कर उन्हें जरूरतमंद और गरीब वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। उद्घाटन के दौरान मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने कहा कि स्वच्छता केवल गंदगी हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि संसाधनों के सही प्रबंधन से ही स्वच्छ और सतत शहर का निर्माण संभव है। यह आरआरआर केंद्र पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव, कैलास विश्वकर्मा, राजेश कुमार, ब्रांड एंबेसडर सागर इंडिया, अनुराधा पंडित एवं सिटी मैनेजर शशि प्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नागरिकों से अपील की कि वे इस पहल में सक्रिय भागीदारी कर नवादा को 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2026' में अग्रणी बनाने में सहयोग करें।

## बंध्याकरण के दौरान महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार को बंध्याकरण ऑपरेशन के दौरान एक महिला की मौत हो जाने से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मृतका की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के मलवीगाहा गांव निवासी इंदल बिंद की 32 वर्षीय पत्नी पिंकी देवी के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन एवं संबंधित डॉक्टर के खिलाफ जमकर हंगामा किया।परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन करने वाली डॉक्टर बंदना कुमारी की लापरवाही के कारण महिला की जान चली गई। परिजनों ने बताया कि पिंकी देवी को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में बंध्याकरण ऑपरेशन के लिए अस्पताल लाया गया था, लेकिन ऑपरेशन के कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। काफी देर तक उचित इलाज नहीं मिलने के कारण महिला की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर फैलते ही अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। परिजनों ने डॉक्टर के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची तथा आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

### एसडीओ ने हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**नगरनौसा(नालंदा)**। हिलसा एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बुधवार के दिन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, लेबर रूम, लैब, शौचालय आदि का जायजा लिया साथ ही व्यवस्थाओं के सुधार को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। एसडीओ ने रोस्टर के अनुसार चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति की जांच की। जिसमें कुछ कर्मी अनुपस्थित पाएं गए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे। मरीजों की सुविधा, अस्पताल की स्वच्छता व आपात सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के बाद एसडीओ अमित कुमार पटेल ने कैला पैक्स जनवितरण प्रणाली का भी निरीक्षण किया।

## 17 सूत्री मांगों को लेकर राजस्व कर्मचारियों की बैठक, आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शहर के हरिश्चंद्र स्टेडियम में बुधवार को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (महासंघ गोपगुट) की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष नंदन कुमार ने की। बैठक में नवादा जिले के नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर रणनीति तैयार की।
बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा कि राजस्व कर्मचारियों और विभाग के बीच बीते वर्ष हुए समझौते के अनुरूप अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। इसके उलट कर्मचारियों पर कार्यभार लगातार बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक-एक कर्मचारी को तीन से चार हल्का का अतिरिक्त प्रभार, अंचल निरीक्षक का अतिरिक्त दायित्व तथा अन्य विभागों के कार्यों में प्रतिनियुक्त किया जा रहा है। बिना किसी अवकाश के प्रतिदिन 15 से 16 घंटे कार्य लिया जा रहा है, जो श्रम कानून एवं संविधान का उल्लंघन है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अत्यधिक कार्यभार के कारण अपने विभागीय कार्य लंबित होने पर वेतन रोकने और निलंबन जैसी कठोर कार्रवाई की धमकी दी जाती है। उन्होंने याद दिलाया कि मई 2025 में नवनियुक्त राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर गए थे, जिसे सरकार ने आश्वासन देकर समाप्त कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।
प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो कर्मचारी आंदोलन को विवश होंगे। मांगों में गृह जिले में पदस्थापन, वेतनमान बढ़ोतरी, सेवा संपुष्टि, अतिरिक्त प्रभार हटाने, सुरक्षा की गारंटी, पदोन्नति, उपकरण सुविधा एवं पुरानी पेंशन की बहाली प्रमुख हैं।
बैठक में नितेश कुमार मिश्रा, दीपक कुमार, नरेंद्र कुमार, मिथुन कुमार मिट्ठू, प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार सहित कई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधानाध्यापकों की बैठक संपन्न शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। प्रखंड अंतर्गत सीआरसी चिरैला में सीआरसी स्तर की प्रधानाध्यापकों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीआरसी चिरैला,सीआरसी बलिया एवं सीआरसी चित्रकोली के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। बैठक में सीआरसी हेड सहित निपुण भारत मिशन के मास्टर ट्रेनर्स जितेन्द्र कुमार,प्रियांशु राज एवं प्रीति कुमारी उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो श्री प्रशांत सोनटक्के द्वारा किया गया। बैठक में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रखंड की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा एफएलएन,टीएलएम,विद्यालय पुस्तकालय, बाला पेंटिंग एवं प्रातःकालीन सभा से जुड़ी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

## 'दिव्य दौड़-चैप्टर 2' में उमड़ा उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। दिव्यांगजनों के आत्मबल, समान अवसर और सामाजिक समावेशन के संदेश को सशक्त करने के उद्देश्य से नवादा में शनिवार को 'दिव्य दौड़-चैप्टर 2' का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन जगजीवन राम शोध संस्थान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के दिव्यांग प्रतिभागियों ने भाग लिया। 0 से 12 वर्ष, 13 से 17 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का शानदार परिचय दिया। प्रतिभागियों की ऊर्जा और जज्बे ने यह सिद्ध कर दिया कि अवसर मिलने पर दिव्यांग खिलाड़ी भी किसी से कम नहीं हैं।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर सीता साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और दिव्यांगजनों को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दामोदर प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने भी खिलाड़ियों की सराहना की और ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 'दिव्य दौड़' का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों और सहयोगी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। 'दिव्य दौड़-चैप्टर 2' ने नवादा में समावेशी समाज की दिशा में एक सकारात्मक संदेश दिया। नवादा के नीम टोला निवासी कुणाल पांडेय के पिता राम श्रृंगार पांडेय ने बताया कि बेटा बचपन से ही तेज़ रहा है ।

## बाल विवाह रोकने हेतु जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश के आलोक में 100 दिवसीय बाल विवाह उन्मूलन अभियान के अंतर्गत बुधवार को लाइब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में जीविका दीदियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य "बाल विवाह मुक्त भारत" के लक्ष्य को साकार करना था।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, शिल्पी सोनीराज ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एल०ए०डी०सी०एस (लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम ) के अधिकारियों द्वारा जीविका दीदियों को बाल विवाह से संबंधित कानून, इसके दुष्परिणाम, रोकथाम के उपाय तथा जमीनी स्तर पर जागरूकता फैलाने की रणनीतियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा द्वारा जीविका दीदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा बाल विवाह की सूचना मिलने पर कानूनी प्रक्रिया एवं संबंधित संस्थाओं को सूचित करने के विषय में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अतिरिक्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल, एल०ए०डी०सी०एस के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

## डीडीसी ने किया प्रशिक्षण-सह- कार्यशाला का उद्घघाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण बिहारशरीफ के सभागार में पर्यवेक्षकों के लिए प्रशिक्षण-सह- कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने किया । इस प्रशिक्षण मे उप विकास आयुकत ने कहा कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक अपने दायित्व के प्रति सजग रहे। इस दौरान ग्राम पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया। इन दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाकर स्वस्थ वातावरण तैयार किया जा सकता है। स्वच्छता अपनाने के लिए आइइसी अर्थात सूचना, शिक्षा एवं संचार के माध्यम से समुदाय में व्यवहार परिवर्तन के लिए सतत जागरूकता कार्यक्रम संचालन के लिए जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण मे ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न आयामों के सबंध मे विस्तृत जानकारी साझा की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत कचरा का प्रकार एवं जैविक खाद का निर्माण, पृथक्करण, संग्रहण उपचार एवं निपटान, परिसंपतियों का रख-रखाव तथा उपयोगिता शुल्क के संबंध जानकारी साझा किया गया। तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सामुदायिक सोखता का निर्माण उचित स्थल पर कराने एवं रख-रखाव के संबंध मे जानकारी साझा किया गया। डिजिटल टूल्स एण्ड मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से ग्राम पंचायतों मे स्वच्छता के लिए संचालित गतिविधियों को ससमय मोबाईल एप पर प्रविष्ट करने के विधि के संबंध मे जानकारी साझा किया गया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

आवश्यक सूचना

( चोरी की गई मोटरसाईकिल )

गढ़वा थाना कांड सं0–548/2025 दिनांक–13.11.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी की गयी हिरो मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0–JH14A5484, का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 371718 Police(25-26).D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
समाहरणालय भवन ब्लॉक–सी, कमरा नं0–09, मेदिनीनगर
ई–मेल– jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

पत्रांक........................ दिनांक ..............................

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि जिले में संचालित कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सदर मेदिनीनगर में वित्तीय वर्ष 2025–26 मे खाद्य/अखाद्य एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति से संबंधित पुनर्निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते palamu.nic.in पोर्टल पर अपलोड की गई है। इच्छुक निविदादाता/एजेन्सी निविदा प्रपत्र तद्नुसार झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 371857 (District)25-26*D



**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू**

नोटिस

भू–हदबंदी वाद सं0–07/2005–06
(सुदेश्वर प्रसाद सिंह वगै0 बनाम श्रीमती शिवमानी देवी वगै0)

नोटिस बनाम :–
1. शिवमानी देवी पति–अभय कुमार सिंह
2. सुशीला देवी पति–अरूण कुमार सिंह

सभी ग्राम–हिसरा उर्फ बरवाडीह,पो0–गहरपथरा,थाना–पाटन,जिला पलामू।

एतद द्वारा सूचित करना है कि उपायुक्त पलामू के भू–हदबंदी अपील वाद सं0–55/06–07 सुदेश्वर प्रसाद सिंह वगै0 बनाम श्रीमती शिवमानी देवी वगै0 में पारित आदेश के आलोक में आपको आवेदक/अपीलार्थी के पक्ष में प्रश्नगत भूमि का केवाला निबंधित करना है। आवेदक/अपीलार्थी के पक्ष में प्रश्नगत भूमि का केवाला निबंधित करने हेतु दिनांक – 12.11.2025 एवं 12.12.2025 को सूचना निर्गत की गयी थी परन्तु आपके द्वारा अभी तक आवेदक के पक्ष में केवाला निष्पादित नहीं किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रश्नगत भू–हदबंदी वाद की भूमि का आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित करना सुनिश्चित करें अन्यथा न्यायालय की ओर से आवेदक के पक्ष में केवाला निबंधित कर दिया जायेगा। वाद में अगली तिथि 05.02.2026 निर्धारित है।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर

PR 371828 District(25-26)#D

# डुंगेश्वरी रोपवे परियोजना का डॉ. प्रेम कुमार ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया अंतर्गत डुंगेश्वरी पहाड़ पर निर्माणाधीन रोपवे (डोली) परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने बताया कि दो केबिन वाली इस डोली प्रणाली में प्रत्येक केबिन में छह-छह व्यक्तियों के बैठने की क्षमता होगी। उन्होंने जानकारी दी कि परियोजना का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी अप्रैल माह तक रोपवे का परिचालन प्रारंभ हो जाएगा जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।





इसके उपरांत डॉ. प्रेम कुमार डुंगेश्वरी स्थित एटीएस एकेडमी द्वारा प्राप्त बोधी हॉल में आयोजित सुजाता अकादमी के 32वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला होती है और सुजाता अकादमी पिछले 32 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय योगदान दे रही है। इस अवसर पर विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की गई। मौके पर प्रेम सागर, दीपू कुमार, रामपुकार सिंह, भोला कुशवाहा, नीरज कुमार, सुरेंद्र यादव, मुन्ना कुशवाहा, ओम प्रकाश गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, पंकज कुमार, छोटू कुमार सहित अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# विद्या बुद्धि ज्ञान संगीत की जननी है : अलख निरंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत अंतर्गत पूर्णाडीह गांव में नवयुवक संघ के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजा के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन समाजसेवी अरुण कुमार ने किया जबकि विधिवत उद्घाटन डिहरा स्टेट बैंक के सीएसपी शाखा प्रबंधक अलख निरंजन ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलख निरंजन ने कहा कि वे जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाजसेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नवयुवक संघ की समिति द्वारा मंच पर दिया गया सम्मान उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि विद्या, बुद्धि, ज्ञान, संगीत और वाणी की जननी सरस्वती हैं जो सृष्टि में अज्ञानता का नाश कर ज्ञान की धारा प्रवाहित करती हैं और मानव को बुद्धि तथा समझने की शक्ति प्रदान करती हैं। उन्होंने मां सरस्वती से प्रार्थना की कि सभी के जीवन से अंधकार दूर हो और सब पर उनका आशीर्वाद बना रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष अरुण कुमार ने अतिथियों का तिलक लगाकर और बुके देकर सम्मान किया। इस अवसर पर हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, सोनू कुमार, विशुन कुमार, छोटन कुमार, रवि कुमार, राकेश कुमार, रंजन कुमार, रामाशीष सिंह, उदय नारायण शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, गोपाल सिंह, राजा सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, प्रिंस कुमार, कन्हाई कुमार, भोला कुमार, प्रेमचंद कुमार सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पतेड़ते पंचायत अंतर्गत बाजीतपुर में ट्रैक्टर चालक की मौत उसी के ट्रैक्टर से दबकर हो गई। सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टर ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य में लगा था, ट्रैक्टर अचानक ढलने लगा जिसके बाद चालक ट्रैक्टर से नीचे कूद गया और चक्के से दबकर घायल हो गया जिसे ससमय अस्पताल नहीं ले जाया गया और उसकी मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि अगर समय से उसे अस्पताल ले जाया जाता तो उसकी जान बच सकती थी।

# विशेष अभियान में छह वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना की पुलिस ने बुधवार को एक विशेष अभियान के तहत छह वारंटियों को गिरफ्तार किया। ये सभी वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने विभिन्न गांवों में छापेमारी कर इन्हें पकड़ा। कोंच थाना प्रभारी सुदेह कुमार ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में कई वारंटियों के छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर एसआई सोहराब अली के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने अलग-अलग गांवों में सघन छापेमारी कर इन वारंटियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में धरहरा गांव के राम पुकार चौधरी उर्फ विधायकजी और राजगीर यादव, दिग्घी टोला नथुनी बिगहा के मनोज पासवान, मुड़ेरा जंगली विधा के सोनू मांझी और बुधन मांझी तथा ददरेजी मठ के राहुल तिवारी शामिल हैं। थाना प्रभारी सुदेह कुमार के अनुसार ये सभी वारंटी लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे और कानून से बच रहे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी अभियुक्तों की कोविड-19 जांच और आवश्यक मेडिकल परीक्षण कराए गए।



# संयुक्त अभियान में 20 किलोग्राम गांजा बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बुधवार को 29 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप महानिरीक्षक मधुकर अमिताभ के निर्देशन में ई समवाय धनगई के निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल, जिला पुलिस गया, थाना बाराचट्टी, राज्य उत्पाद विभाग, एनसीबी पटना तथा वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्राम पिपराही (गुलर टांड़), थाना बाराचट्टी, जिला गया क्षेत्र से 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।



बरामद गांजा दो स्टील ट्रंक में रखे चार प्लास्टिक बोरों में छिपाकर रखा गया था। बरामद प्रतिबंधित नशीले पदार्थ को विधिक कार्रवाई के लिए थाना बाराचट्टी, जिला गया को सुपुर्द कर दिया गया है।

# जनता को परेशान करने वालों को माफी नहीं: विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जनता को परेशान करनेवाले अधिकारी व कर्मचारी किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। यह बातें बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकार की नीति भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की है। मौसम बदला है, अब अधिकारी और कर्मचारी भी बदलें। जनता मालिक है और उसे परेशान करनेवालों के लिए कोई माफी नहीं है। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आमस के अंचलाधिकारी (सीओ) और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। साथ ही आमस के सीओ के खिलाफ निगरानी जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने इसे गंभीर लापरवाही और भ्रष्ट आचरण का मामला बताते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को अंतिम अल्टीमेटम दिया।



उन्होंने निर्देश दिया कि जो लोग सही जमीन को जानबूझकर विवादित बनाए हुए हैं। ऐसे अधिकारियों और बिचौलियों की पहचान कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भूमि से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी, घूसखोरी और जनता को भटकाने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिले भर के सभी अंचलों से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे। सबसे अधिक शिकायतें दाखिल-खारिज और परिमार्जन से संबंधित सामने आयी। फरियादियों ने महीनों से लंबित मामलों, अवैध मांग और कार्यालयों के चक्कर लगान की पीड़ा साझा की। उपमुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भूमि राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी और जनहितैषी बनाया जाएगा। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई तय है।

# तीन शिवालय बने जनसेवा के केंद्र, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र माने जाने वाले शहर के तीन शिवालय बुधवार को जनसेवा के केंद्र में तब्दील हो गए जब मां देवरी सेवा ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसरों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राजद नेता प्रमोद वर्मा के नेतृत्व में लगाए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। चिकित्सा शिविर में विशेष रूप से ब्लड जांच और रक्तचाप (बीपी) की जांच की व्यवस्था की गई थी। जांच के बाद मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने मरीजों को बदलती जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया और नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार तथा स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. पी.के. कुंडू, डॉ. वेद प्रकाश वर्मा, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. पी. राजेश राव, डॉ. चंदन कुमार एवं तारकेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। सभी चिकित्सकों ने शिविर में आए मरीजों की बारीकी से जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। जितेंद्र यादव, दिनेश यादव, राजेश कुमार गुप्ता, चुन्नू यादव, संतोष कुमार वर्मा, राजू वर्मा, संजय वर्मा तथा पैक्स अध्यक्ष अरविंद यादव सहित कई लोगों ने व्यवस्थाओं को संभालने में सक्रिय सहयोग किया। आयोजकों ने इस पहल को समाज सेवा की दिशा में एक सार्थक और सराहनीय प्रयास बताया।

# गुरुआ के काज पंचायत सरकार भवन में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के काज पंचायत सरकार भवन में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया रितेश कुमार सिंह ने पंचायत के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद शहीदों को नमन किया गया तथा भक्ति गीतों और देशभक्ति नारों से पूरा पंचायत सरकार भवन गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रितेश कुमार सिंह ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था जिसने देश को समानता, भाईचारे और न्याय की स्वतंत्रता प्रदान की। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि संविधान के प्रति निष्ठावान रहते हुए देश के विकास में योगदान दें और अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। इस मौके पर मुखिया ने पंचायत में पिछले वर्षों में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित पंचायत के निर्माण के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। मुखिया के संबोधन पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ सहमति जताई। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य सुमन कुमार, सोनू पासवान, जितेंद्र कुमार, प्रेम कुमार सहित सभी वार्ड सदस्य, पूर्व मुखिया रामबीरन पासवान, समाजसेवी जयराम सिंह, भाजपा नेता मिथिलेश सिंह, बीस सूत्री सदस्य राणा अश्विन आजाद, समाजसेवी अशोक लाल, सुरेश यादव समेत पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।




## जाली केवाला व दस्तावेजों के सहारे जमीन हड़पने का आरोप, राजस्व मंत्री से जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना और गुरारू अंचल अंतर्गत ग्राम कनौसी निवासी रंजीत कुमार चौरसिया ने जाली केवाला, कुटरचित दस्तावेज और सोची-समझी साजिश के तहत अपनी पैतृक जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री को आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है कि वर्ष 1980 में विधिवत निबंधित केवाला के माध्यम से खरीदी गई भूमि पर 1980 से 2025 तक उनका शांतिपूर्ण कब्जा रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खाता व प्लॉट में हेरफेर कर जमीन की अवैध बिक्री की कोशिश की। मामले में फर्जीवाड़ा, कूटरचना और साजिश के तहत सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने पूर्व में अंचल व थाना स्तर पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की बात कही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# गणतंत्र दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

## स्वास्थ्य उप-केंद्र का उद्घाटन, फाइलेरिया उन्मूलन अभियान पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पंचायत डबुर में पंचायती राज अधिनियम के तहत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पंचायत सरकार भवन, डबुर में हुई। इस अवसर पर पंचायत भवन परिसर में नवनिर्मित स्वास्थ्य उप-केंद्र (हेल्थ सब-सेंटर) के विशेष कक्ष का उद्घाटन पंचायत की मुखिया मालती देवी द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी दी गई। ग्राम सभा में आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया उन्मूलन (एमडीए) एवं एचडीएमपी अभियान को लेकर विशेष चर्चा की गई। स्वास्थ्य कर्मियों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को दवा सेवन की महत्ता बताते हुए अभियान में पूर्ण सहयोग की अपील की। इसके अलावा सभा में पंचायत के समग्र विकास को लेकर आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, पीरामल फाउंडेशन से सुप्रिया साहा, सीएचओ सरिता संगम, सीमा कुमारी, सरोज पाठक, सुनैना कुमारी, अमरावती, ललिता कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# जीटी रोड पर वाहन जांच में ऑटो से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** जीटी रोड पर पुलिस गश्ती के दौरान वाहन जांच के क्रम में एक ऑटो रिक्शा से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने हरे एवं पीले रंग के पियाजियो ऑटो रिक्शा (टेंपो) को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली जिसमें बीच वाली सीट और पीछे की सीट के नीचे छिपाकर रखी गई शराब मिली। तलाशी के दौरान पुलिस ने 60 ब्रांड की देशी शराब की 300 एमएल वाली कुल 599 बोतलें बरामद कीं। शराब का बैच नंबर 44 दिसंबर 25 अंकित पाया गया।



बरामद शराब की कुल मात्रा 179.7 लीटर आंकी गई है। पुलिस के अनुसार शराब को ऑटो के अंदर बेहद चालाकी से छिपाकर ले जाया जा रहा था, ताकि वाहन जांच के दौरान किसी को संदेह न हो। हालांकि नियमित गश्ती और सघन वाहन जांच के कारण पुलिस ने इस अवैध खेप को पकड़ने में सफलता हासिल की। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। साथ ही इस अवैध धंधे से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के लिए छानबीन तेज कर दी गई है।

# भूकंपरोधी भवन निर्माण को लेकर सिविल इंजीनियरिंग छात्रों को आगे आने की जरूरत : एडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** इंजीनियरिंग, कॉलेज गया में भूकंप जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत 'बिहार की भूकंप संवेदनशीलता, तैयारी एवं शमन उपाय' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में 15 जनवरी से 28 जनवरी तक भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम, आपदा प्रबंधन विभाग गया कुमार पंकज ने अपने संबोधन में सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों से अपील की कि वे समाज में लोगों को जागरूक करें कि भूकंप से बचाव के लिए भवनों का निर्माण किस प्रकार वैज्ञानिक एवं भूकंप-रोधी मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित डिजाइन, सही सामग्री और तकनीकी जानकारी ही आपदा के समय जान-माल की रक्षा कर सकती है। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार, एडीएम कुमार पंकज, एसडीओ अभिषेक प्रियदर्शी, डॉ. आलोक मिश्रा, प्रो. रंजीत कुमार चौधरी, कोऑर्डिनेटर प्रो. मोहम्मद असलम, प्रो. सुशीला, प्रो. स्नेहा, प्रो. लवकुश गुप्ता एवं प्रो. राहुल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप जला कर किया गया। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रेजेंटेशन के माध्यम से भूकंप से बचाव, ड्रॉप-कवर-होल्ड जैसी सुरक्षा तकनीकों तथा आपदा के समय अपनाए जाने वाले आवश्यक उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजन को भूकंप सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।




**होटल प्रबंधन खान-पान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान, हाजीपुर**

Institute of Hotel Management Catering Technology & Applied Nutrition (IHMCTAN), Hajipur

(राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद से संबद्धता प्राप्त)

(पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)

आईएचएम ihm हाजीपुर HAJIPUR | NCHMCT

1st — Ranking in Top Government IHMs in Bihar

**ADMISSION NOTIFICATION**

**नामांकन अधिसूचना**

1½ वर्षीय डिप्लोमा कोर्स हेतु (सत्र 2026-27)

**ADMISSION GOING ON**

अपने सपनों को दे उड़ान ! | रोजगार उन्मुखी पाठ्यक्रम | सीमित सीटें जल्द आवेदन करें

संस्थान वर्तमान सत्र (2026-27) के लिए निम्नलिखित रोजगारोन्मुखी मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। फॉर्म शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर कार्यालय समय के दौरान संस्थान के छात्र काउंटर पर ऑनलाइन/डिजिटल मोड में भुगतान करने पर उपलब्ध है। संस्थान में विधिवत भरे हुए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 27.02.2026 है। विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.ihmhajipur.net पर उपलब्ध है।

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | योग्यता | आयु सीमा | प्रॉस्पेक्ट्स / फॉर्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फुड प्रोडक्शन में 1½ वर्षीय डिप्लोमा | 10+2 या समकक्ष | कोई आयु सीमा नहीं | रु. 250/- सामान्य / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / पिछड़ा वर्ग हेतु। रु. 150/- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति हेतु। |
| 2. | फुड एंड बेवरेज सर्विस में 1½ वर्षीय डिप्लोमा | | | |
| 3. | बेकरी और कन्फेक्शनरी में 1½ वर्षीय डिप्लोमा | | | |
| 4. | हाउसकीपिंग में 1½ वर्षीय डिप्लोमा | | | |

पता : रामाशीष चौक, हाजीपुर, जिला-वैशाली (बिहार) फोन : 06224-274937, 275354, 9939408447

E-mail : hajipurihm@gmail.com, Website : www.ihmhajipur.net

पत्रांक सं.:- IHM : Advt.(1.7)/2026-3558 दिनांक : 28.01.2026

ह0/- प्राचार्य IHM, Hajipur

संपादकीय

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पैंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की 'समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है, बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय' जमा करने की अनुमति देती है। स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या केवल बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है। भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें अपनी सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की निगरानी के लिए एक मजबूत डिजिटल प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेड्क्षनग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसकी पायलट प्रोजैक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल रहा, तो इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। यह आयुष्मान भारत या राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। कॉर्पोरेट घराने एन.जी.ओ. को अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सी.एस.आर.) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा सहयोग करें। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, 'समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्यों-जैसे 'सेवा परमो धर्म' से मेल खाता है। भारत में, जहां पैंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा है, नर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। 'समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग, जो आज के युवा हैं, एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का निवेश है।

# यूजीसी रेग्यूलेशन का सवर्ण क्यों कर रहे हैं विरोध?

**देखा जाये तो उच्च शिक्षण संस्थान किसी भी समाज की वैचारिक प्रयोगशाला होते हैं। यदि वही स्थान असमानता और भय के केंद्र बन जाएं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियम किसी एक वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे शैक्षणिक तंत्र को अधिक मानवीय और न्यायपूर्ण बनाने की कोशिश हैं। इस पहल को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उन्हें संवाद और पारदर्शिता के माध्यम से दूर किया जा सकता है। हर नियम का दुरुपयोग संभव है, लेकिन केवल इस भय से सुधारों को रोक देना समाधान नहीं हो सकता। वास्तविक चुनौती यह है कि संस्थान इन प्रावधानों को कागज तक सीमित न रखें, बल्कि ईमानदारी से लागू करें। बहरहाल, यदि ये नियम सही भावना के साथ जमीन पर उतरते हैं, तो यह न केवल वंचित छात्रों और शिक्षकों में भरोसा जगाएंगे, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएंगे।**

नीरज कुमार दुबे



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियमों को लेकर देश में राजनीति तेज हो गई है। इन नियमों के लागू होते ही सवर्ण समुदाय की नाराजगी की खबरें सामने आने लगी हैं और इसके खिलाफ विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक यह दावा किया जा रहा है कि यह रेगुलेशन एक वर्ग विशेष को निशाना बनाने के लिए लाया गया है और इसका दुरुपयोग कर छात्रों और शिक्षकों को प्रताड़ित किया जाएगा। कई मंचों से भय का वातावरण बनाया जा रहा है और तथ्यों से परे जाकर तरह तरह का दुष्प्रचार फैलाया जा रहा है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भावनात्मक शोर और राजनीतिक आरोप प्रत्यारोप से अलग हटकर इन नियमों की वास्तविकता को समझा जाए। सवाल उठता है कि आखिर इन नियमों में ऐसा क्या है जिससे कुछ लोग डरे हुए हैं और क्या सचमुच यह किसी समुदाय के खिलाफ हैं? या फिर यह उच्च शिक्षण संस्थानों में लंबे समय से चली आ रही असमानता और भेदभाव की समस्या से निपटने की एक कोशिश मात्र है? इन्हीं सवालों के जवाब तलाशने और यूजीसी के इन नियमों की सच्चाई आपके सामने रखने की एक कोशिश इस रिपोर्ट के माध्यम से हम कर रहे हैं।

हम आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता और समावेशन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम, 2026) को अधिसूचित कर दिया है। ये नियम देश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों पर लागू होंगे। इनका उद्देश्य परिसर में भेदभाव से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए स्पष्ट व्यवस्था बनाना और वंचित सामाजिक समूहों को संस्थागत सहारा देना है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, नए नियमों के तहत प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान को समान अवसर केंद्र स्थापित करना अनिवार्य होगा। यह केंद्र न केवल भेदभाव से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई करेगा, बल्कि शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराएगा। विविधता और समावेशन को बढ़ावा देना भी इसकी मुख्य जिम्मेदारी होगी। जिन महाविद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होंगे, वहां यह कार्य संबद्ध विश्वविद्यालय के समान अवसर केंद्र के माध्यम से किया जाएगा।

हम आपको बता दें कि इन नियमों के लागू होने की पृष्ठभूमि में न्यायपालिका की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। वर्ष 2012 में बने भेदभाव विरोधी नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने यूजीसी को अद्यतन नियम प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। यह याचिका रोहित वेमुला और पायल तड़वी की माताओं द्वारा दायर की गई थी। हम आपको याद दिला दें कि इन दोनों ही छात्रों के मामलों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत उत्पीड़न और संस्थागत उदासीनता को लेकर देशव्यापी बहस छेड़ी थी।

नए ढांचे के तहत समान अवसर केंद्र के साथ एक समानता समिति का गठन भी अनिवार्य होगा। इस समिति में अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाएं और दिव्यांग व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य किया गया है। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होगा और उसे प्रत्येक छह महीने में अपनी रिपोर्ट संस्थान तथा यूजीसी को भेजनी होगी। इसके अतिरिक्त, परिसर में भेदभाव की रोकथाम के लिए छोटी सतर्कता इकाइयों के रूप में समानता दस्तों का गठन भी किया जाएगा।

नियमों में यह भी प्रावधान है कि समान अवसर केंद्र स्थानीय प्रशासन, पुलिस, गैर सरकारी संगठनों, नागरिक समूहों और विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ समन्वय करेगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जा सके। प्रत्येक संस्थान में एक वरिष्ठ शिक्षक को इस केंद्र का समन्वयक नियुक्त किया जाएगा, जिसे वंचित समूहों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध माना गया हो। यदि कोई संस्थान इन नियमों का पालन नहीं करता है, तो यूजीसी के पास कड़ी कार्रवाई के अधिकार होंगे। इसमें यूजीसी की योजनाओं से वंचित करना, डिग्री और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को रोकना, यहां तक कि संस्थान को यूजीसी की मान्यता सूची से हटाना भी शामिल है।

इस बीच, इन नियमों के लागू होने के साथ ही देश के कुछ हिस्सों में विरोध के स्वर भी सुनाई दिए हैं। आलोचकों का कहना है कि इसका दुरुपयोग हो सकता है, जबकि समर्थकों का तर्क है कि यह कदम लंबे समय से चली आ रही असमानताओं को दूर करने के लिए आवश्यक है। हम आपको यह भी बता दें कि आंकड़े दर्शाते हैं कि बीते वर्षों में उच्च शिक्षण संस्थानों में भेदभाव से जुड़ी शिकायतों में लगातार वृद्धि हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मौजूदा व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं थीं और एक मजबूत, पारदर्शी तंत्र की जरूरत थी।

देखा जाये तो उच्च शिक्षण संस्थान किसी भी समाज की वैचारिक प्रयोगशाला होते हैं। यदि वही स्थान असमानता और भय के केंद्र बन जाएं, तो यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। समानता को बढ़ावा देने वाले नए नियम किसी एक वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे शैक्षणिक तंत्र को अधिक मानवीय और न्यायपूर्ण बनाने की कोशिश हैं। इस पहल को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, उन्हें संवाद और पारदर्शिता के माध्यम से दूर किया जा सकता है। हर नियम का दुरुपयोग संभव है, लेकिन केवल इस भय से सुधारों को रोक देना समाधान नहीं हो सकता। वास्तविक चुनौती यह है कि संस्थान इन प्रावधानों को कागज तक सीमित न रखें, बल्कि ईमानदारी से लागू करें। बहरहाल, यदि ये नियम सही भावना के साथ जमीन पर उतरते हैं, तो यह न केवल वंचित छात्रों और शिक्षकों में भरोसा जगाएंगे, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएंगे।

अध्यात्म

## जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो अपनी दिशा से मत भटको

विशाल अपने माता-पिता का एकलौता बेटा था। वह बहुत ही जिम्मेदार तथा बुद्धिमान था। वह अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा केंद्रित रहता था। विशाल अपनी पढ़ाई पूरी कर ली थी। वह किसी शहर में रहकर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। विशाल की मेहनत और लगन देख उसके माता-पिता को भी लगने लगा था कि हमारा बेटा जरूर एक दिन हमारा नाम रोशन करेगा।

लेकिन, कुछ समय बाद विशाल दिशाहीन बच्चों के साथ रहने लगा। उन बच्चों का कोई लक्ष्य नहीं था। उन्हें अपने माता-पिता के पैसे बर्बाद करने में मजे आते थे। देखते-देखते विशाल के स्वभाव में परिवर्तन आना शुरू हो चुका था। जिसके कारण विशाल अब पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान नहीं देता था। वह हमेशा उन्ही बच्चों के साथ अपने समय को जाया करता रहता था।

एक दिन अचानक सुबह-सुबह विशाल के पिता उससे मिलने रूम पर गए। सुबह के दस बजे थे, अभी विशाल अपना कमरा बंद करके सोया हुआ था। उसके पिता ने दरवाजा खटखटाया विशाल अपनी आँखे रगड़ते हुए दरवाजा खोला। उसे देख उसके पिता ने पूछा, बेटा विशाल कल रात ज्यादा देर तक पढ़ाई कर ली थी क्या? विशाल ने कुछ नहीं बोला।

विशाल के पिता कमरे में अंदर जाकर देखा कि विशाल के कई दोस्त भी सोये हुए थे। उस रात कमरे में पार्टी हुई थी जिसके कारण शराब बोतले और सिगरेट जैसी चीजें विशाल के पिता को देखने को मिली। यह सब देख विशाल के पिता को पूरी बात समझ में आ गई। उन्होंने घर से लाए समान को विशाल को देते हुए कहा, बेटा मैं चलता हूँ। उसके पापा ने कहा, बेटा विशाल! मेरी एक बात याद रखना, अगर इस समय मेहनत कर लिए तो पूरी जिंदगी आराम से कटेगी। अगर अभी जिंदगी में एंजॉय करोगे तो पूरी जिंदगी मेहनत करनी पड़ेगी। इतना कह कर उसके पिता घर को चले गए। उस दिन विशाल बहुत दुखी हुआ। उसी दिन से वह दिशाहीन बच्चों का साथ छोड़ दिया और जीतोड़ मेहनत करने लगा। एक दिन वह रेलवे में लोकोपायलट की नैकारी प्राप्त करके घर गया।

**नैतिक सीखः**

सफलता का मूल मंत्र जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो अपनी दिशा से मत भटको।

# शिक्षा बच्चों को जिंदगी के लिए तैयार करने वाली होनी चाहिए...

**यह बहुत दुखद दृश्य होता है जब आप छोटे बच्चों पर इतना ज्यादा दबाव देखते हैं। नर्सरी फॉर्म से लेकर कॉलेज कट-ऑफ तक-चिंता का लंबा सफर। यह अब पहले से कहीं ज्यादा जल्दी शुरू हो जाता है। यह एक डरावनी कहानी है जब आप युवा माता-पिता को टैंशन में देखते हैं, बोर्ड एग्जाम या करियर चुनने के लिए नहीं, बल्कि नर्सरी एडमिशन फॉर्म के लिए। एक बच्चा जो अभी-अभी डायपर से बाहर निकला है, उससे अचानक उम्मीद की जाती है कि वह सीधा बैठे, सवालों के जवाब दे और क्लासरूम इंटरव्यू में अजनबियों को इम्प्रैस करे। माता-पिता के लिए, खासकर मांओं के लिए, यह शिक्षा प्रणाली का पहला अनुभव होता है जो न सिर्फ बच्चे का, बल्कि पूरे परिवार के धैर्य का इम्तिहान लेती है।**

देवी एम. चेरियन

स्कूल एडमिशन का स्ट्रैस चुपचाप मॉडर्न पेरैंटिंग के सबसे थका देने वाले सफरों में से एक बन गया है। यह फाऊंडेशन क्लास और नर्सरी स्कूल से शुरू होता है और बिना रुके कॉलेज एडमिशन तक चलता रहता है। जो कभी एक दौर था, वह अब फॉर्म, इंटरव्यू, कोचिंग क्लास, तुलना और लगातार खुद पर शक करने की 10 साल लंबी मैराथन बन गया है। यह हर किसी को चिंतित और गुस्सा दिलाता है लेकिन फिर भी वे लाचार होते हैं। बच्चे के लिए, नर्सरी एडमिशन इंटरव्यू अक्सर डरावने की बजाय कन्फ्यूज करने वाले होते हैं। बच्चा नहीं समझ पाता कि अनजान बड़ों से भरा कमरा अचानक उससे उसका नाम, पसंदीदा रंग, या ऐसी चीजों की पहचान करने के लिए क्यों कह रहा है, जिन्हें उसने सिर्फ पिक्चर बुक में देखा है। कुछ बच्चे जम जाते हैं, कुछ रोते हैं, कुछ बोलने से मना कर देते हैं। 'शर्मीला', 'आत्मविश्वास की कमी' या 'तैयार नहीं' का लेबल चुपचाप लगा दिया जाता है, इससे बहुत पहले कि बच्चे को बड़ा होने का मौका मिले।

मां के लिए, यह दौर भावनात्मक रूप से बहुत मुश्किल होता है। यह एक तरह की यातना है। उसे सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से बताया जाता है कि उसकी पेरैंटिंग की परीक्षा हो रही है। क्या उसने काफी कहानियां पढ़ीं? क्या उसने घर पर काफी इंगलिश बोली? क्या उसने 'सही' प्ले स्कूल चुना? मांएं इस अनदेखे दबाव को महसूस करती हैं कि 10 मिनट के इंट्रैक्शन में उनका बच्चा कैसा परफॉर्म करता है, इसके लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पिता भी चिंता करते हैं लेकिन अक्सर मां ही फॉर्म भरती है, इंटरव्यू में जाती है, स्कूलों से फॉलो-अप करती है और चुपचाप जजमैंट को सहती है। छोटे बच्चों के लिए कोचिंग क्लास एक असहज सच्चाई बन गई है। छोटे बच्चे 'इंटरव्यू की तैयारी' सैशन में जाते हैं जहां उन्हें सवालों के जवाब देने और सीधे बैठने की ट्रेनिंग दी जाती है। माता-पिता जानते हैं कि यह गलत लगता है, फिर भी उन्हें होता है कि वे अकेले ऐसे न हों, जो इसमें हिस्सा न लें। यहीं से पहला दबाव शुरू होता है-मुकाबला करने का दबाव, जल्दी तैयारी करने का दबाव, पीछे न रह जाने का दबाव।

जैसे-जैसे बच्चे प्राइमरी स्कूल में जाते हैं, तनाव खत्म नहीं होता, बस अपना रूप बदल लेता है। असैसमैंट, रैंकिंग और तुलना धीरे-धीरे सामने आने लगती हैं। माता-पिता सैक्शन, टीचर और पीयर ग्रुप के बारे में चिंता करने लगते हैं। रिपोर्ट कार्ड में एक खराब टिप्पणी अचानक जरूरत से ज्यादा भारी लगने लगती है। जब तक मिडल स्कूल आता है, मुकाबला अब छिपा हुआ नहीं रहता। ओलिम्पियाड, एक्स्ट्रा क्लास, ट्यूशन और परफॉर्मैंस चार्ट रूटीन बन जाते हैं। माता-पिता अपने बच्चों को प्रोत्साहित करने और उन पर दबाव डालने के बीच तालमेल बिठाते हैं। इस बीच, बच्चे तारीफ को नंबरों से जोडऩे लगते हैं। आत्मविश्वास शर्तिया हो जाता है। असली प्रैशर कुकर वाला दौर बोर्ड एग्जाम और कॉलेज एडमिशन के साथ आता है।



सालों का जमा हुआ तनाव चरम पर पहुंच जाता है। वही बच्चा जो कभी नर्सरी के इंटरव्यू में लडख़ड़ाता था, अब उससे उम्मीद की जाती है कि वह उन कम्पीटिटिव एग्जाम को पास करे जिनमें लाखों छात्र बैठते हैं। दाव बहुत ज्यादा ऊंचे लगते हैं। माता-पिता कट-ऑफ, फॉर्म, काउंसलिंग की तारीखों और पैसों के बारे में चिंता करते हैं, बच्चे फेल होने, तुलना और अपने परिवार को निराश करने के बारे में।

जिस बात को शायद ही कभी माना जाता है, वह यह है कि एक चिंतित माता-पिता अनजाने में बच्चे में डर पैदा कर देते हैं। एक चिंतित बच्चा माता-पिता को और ज्यादा घबराहट देता है। दोनों एक ही चीज चाहते हैं-एक सुरक्षित, खुशहाल भविष्य-लेकिन सिस्टम उन्हें सर्वाइवल मोड में डाल देता है। और फिर भी, इस सब दबाव के बीच, माता-पिता से यह भी उम्मीद की जाती है कि वे अपने बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करें। उनसे कहा जाता है, 'तुम यह कर लोगे,' भले ही वे खुद अनिश्चित हों। यह शायद सबसे मुश्किल भूमिका है, अनिश्चितता के बीच शांत, आशावादी और भरोसा दिलाने वाला बने रहना। बच्चों को ऐसे सिस्टम में लचीलापन सिखाना, जो सिर्फ नतीजों को ईनाम देता है। शिक्षा का सफर आदर्श रूप से सीखने और विकास के बारे में होना चाहिए। इसकी बजाय, यह अक्सर सहनशक्ति की परीक्षा बन जाता है। रिश्तेदारों, स्कूलों, समाज और सोशल मीडिया से मिलने वाले दबाव परिवारों को लगातार याद दिलाते रहते हैं कि 'सबसे अच्छा' क्या है। बहुत कम लोग यह पूछने के लिए रुकते हैं कि बच्चे के लिए सही क्या है।

इस प्रोसैस में सहानुभूति की बहुत जरूरत है। स्कूलों को इस बारे में फिर से सोचना चाहिए कि वे बच्चों का मूल्यांकन कितनी जल्दी शुरू करते हैं। पॉलिसी बनाने वालों को एडमिशन सिस्टम को आसान बनाना चाहिए और अच्छे संस्थानों को बढ़ाना चाहिए ताकि कम्पीटिशन क्रूर न हो जाए। माता-पिता को खुद को याद दिलाना चाहिए कि आत्मविश्वास दबाव से नहीं, बल्कि भरोसे, धैर्य और स्वीकार करने से बनता है। लेकिन अगर माता-पिता इस पूरे सफर में एक पक्का मैसेज दे सकें कि उनके बच्चे की कीमत रैंक और नतीजों से कहीं ज्यादा है, तो यह थोड़ा कम डरावना हो सकता है। एडमिशन आते-जाते रहेंगे। बच्चे जो याद रखेंगे, वह यह है कि उन्हें सपोर्ट मिला या उनका मूल्यांकन किया गया, उन्हें समझा गया या जज किया गया, उन्हें प्यार किया गया या परखा गया। आखिर में, शिक्षा को बच्चों को जिंदगी के लिए तैयार करना चाहिए, न कि उनसे उनका बचपन छीनना चाहिए।

## आज का कार्टून

अब मिर्जापुर में जिम के माध्यम से धर्मांतरण का खेल उजागर




## राशिफल

**मेष**

आज आपको थकान महसूस होगी। नींद पूरी न लेने के कारण अपच की समस्या हो सकती है। मन की बातें दूसरों से शेयर न करें।

**वृषभ**

आय के नये स्रोत निर्मित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। पैतृक व्यवसाय में उत्तम धन-लाभ होगा।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र में नये मित्र बन सकते हैं। आयात-निर्यात से आपको लाभ प्राप्त होगा। मार्केटिंग सम्बन्धी गतिविधियों से धन लाभ हो सकता है।

**कर्क**

अधिकारियों के साथ तनाव दूर होगा। सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। कोई रुकी हुयी डील आज आपके सामने आ सकती है।

**सिंह**

दूसरे कार्यों में दिमाग न लगायें। कानूनी मामलों को लेकर सावधानी रखें। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। व्यापार में नये साथी जुड़ सकते हैं।

**कन्या**

राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में ताजगी आयेगी। परिवार का बेहतरीन सहयोग मिलेगा। घर में मित्रों का आगमन हो सकता है।

**तुला**

अपने काम को लेकर फोकस करेंगे। सन्तान की समस्याओं का समाधान होगा। अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। मित्रों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक**

आपको नयी-नयी बातें जानने को मिलेंगी। सन्तान को लेकर तनाव दूर होगा। खानपान की आदतों पर नियन्त्रण रखें। आज का काम कल पर न टालें।

**धनु**

परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। करियर को लेकर दिन काफी अच्छा रहेगा। घर की आवश्यकताओं के बोझ में दबे रहेंगे। लोग आपके साथ होने का दिखावा कर सकते हैं।

**मकर**

कारोबार में बड़ा धन लाभ होगा। भाई-बन्धुओं के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनन्द लेंगे। नौकरी में आपके अधिकार बढ़ेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन थोड़ा तनावग्रस्त होगा। दाम्पत्य सम्बन्धों में खर्चों के कारण थोड़ी खिट-पिट हो सकती है। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आपका अपमान हो।

**मीन**

आपकी जीवनशैली अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। विदेश में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

# हड़कंप : सिविल कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बलों की हुई तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** व्यवहार न्यायालय में ई-मेल के माध्यम से बुधवार को बम विस्फोट की धमकी मिलने से कोर्ट परिसर में अफरा तफरी मच गई।यह खबर जंगल की आग की तरह पूरे शहर में फैल गई। बुधवार को यह धमकी जिला जज के आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी गई थी। जिसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बात कही गई और एक संभावित समय सीमा का भी उल्लेख किया गया था। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को तत्काल अलर्ट कर दिया गया। सूचना के बाद सिविल कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। जबकि बम निरोधक दस्ता (बम स्क्वायड) डग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गया। सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट परिसर के अंदर और आसपास गहन सर्च अभियान चलाया गया। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए आम नागरिकों, वादकारियों और अधिवक्ताओं की आवाजाही पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई। वहीं एहतियातन कई न्यायिक कार्यों को भी स्थगित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि धमकी भरा ई-मेल किसी बाहरी ई-मेल आईडी से भेजा गया है। मेल की भाषा और कंटेंट को गंभीर आपराधिक साजिश मानते हुए साइबर सेल और खुफिया एजेंसियां इसकी गहन जांच कर रही हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मेल कहां से भेजा गया। इसके पीछे कौन व्यक्ति या समूह है और इसका उद्देश्य क्या था। हालांकि सर्च अभियान के दौरान अब तक किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही बरतने के मूड में नहीं है। पूरे सिविल कोर्ट परिसर को फिलहाल हाई अलर्ट पर रखा गया है और सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। प्रशासन की ओर से आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। साथ ही जांच पूरी होने तक सुरक्षा एजेंसियां हर पहलू पर नजर बनाए हुए हैं। मामले की जांच जारी है।

# गोकुल जलाशय प्राकृतिक धरोहर, प्रवासी पक्षियों का जीवित संग्रहालय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बक्सर।** जिला पदाधिकारी साहिला द्वारा मंगलवार को गोकुल जलाशय के विकास से संबंधित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गोकुल जलाशय को जिले की प्राकृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि यह आर्द्रभूमि जैव विविधता का जीवित संग्रहालय है और पक्षी विशेषज्ञों व बर्डवॉचर्स के लिए एक अनूठा स्थल है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रति वर्ष गोकुल जलाशय में प्रवासी पक्षियों का महाकुंभ लगता है। यहां लगभग 65 प्रजातियों के करीब 3500 प्रवासी पक्षी आते हैं, जिनमें नॉर्दर्न शोवलर, गार्गेनी, रूडी शेलडक, ऑस्प्रे, केस्ट्रेल, सैंडपाइपर, येलो वैगटेल सहित दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी जैसे इजिप्शियन वल्चर (सफ़ेद गिद्ध) भी शामिल हैं। बिहार में वर्ष 2022 से लगातार सबसे अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां यहीं देखी गई हैं। गोकुल जलाशय अंचल ब्रह्मपुर एवं चक्की अंतर्गत अवस्थित है। अंचल चक्की में सभी मौजों का सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि अंचल ब्रह्मपुर में शेष सीमांकन कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव को निर्देश दिया कि सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। वहीं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल बक्सर को जलाशय के समीप पथ मरम्मति कराने का निर्देश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि गोकुल जलाशय के समीप रेस्क्यू सेंटर, इंटरप्रिटेशन सेंटर, टूरिस्ट हब, वॉच टावर और गेस्ट हाउस के निर्माण हेतु कार्य योजना तैयार की जा रही है। जलाशय के आसपास आधारभूत संरचना निर्माण के लिए अंचल कार्यालय चक्की में चल रही कुछ जमाबंदियों को विधिसम्मत कार्रवाई के तहत रद्द करने का निर्देश भी दिया गया, ताकि निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हो सके। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा नदी में अपशिष्ट पदार्थ व मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है, जिससे जलीय जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर संकट की आशंका है। इस पर जिलाधिकारी ने अंचलाधिकारी चक्की एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता डुमरांव को निर्देश दिया कि अपशिष्ट प्रवाह के लिए आसपास कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्द्रभूमि पृथ्वी के जलवायु संतुलन, जल शुद्धिकरण और बाढ़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गोकुल जलाशय को रामसर स्थल के रूप में घोषित किया गया है और जलकुंभी की सफाई तथा खुले जल क्षेत्र के कारण यह पक्षियों के लिए आदर्श आश्रय स्थल बन गया है। वेटलैंड के महत्व से आमजन और छात्र-छात्राओं को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं वन प्रमंडल द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विश्व आर्द्रभूमि दिवस (02 फरवरी 2026) के अवसर पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को गोकुल जलाशय भ्रमण कराया जाएगा। इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां सुनिश्चित कराने हेतु नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे को वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

# चौपाल में ग्रामीणों को मिली डाक विभाग की योजनाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** भारतीय डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुँचाने के उद्देश्य से बक्सर डाक प्रमंडल द्वारा चुरामनपुर उप डाकघर अंतर्गत मझरिया शाखा डाकघर में डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं एवं डिजिटल सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता को डाक विभाग की योजनाओं, बीमा सुविधाओं तथा डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। डाक अधीक्षक कुमारी सरिता ने अपने संबोधन में बताया कि बिहार सर्किल के निर्देशानुसार पूरे राज्य में इस तरह के डाक चौपाल आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज डाकघर एक ही छत के नीचे बैंकिंग, बीमा, बचत, आधार और पासपोर्ट जैसी कई सुविधाएँ उपलब्ध करा रहा है, जिससे आमजन को काफी सहूलियत मिल रही है। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना को बेटियों के भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि जन्म से 10 वर्ष तक की बच्चियों के नाम से खाता खोलकर उनकी शिक्षा और विवाह के लिए सुरक्षित बचत की जा सकती है। साथ ही डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा को कम प्रीमियम और अधिक बोनस वाली योजनाएँ बताते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ उठाने की अपील की। डाक चौपाल में यह भी जानकारी दी गई कि अब डाकघर में आधार नामांकन, मोबाइल नंबर लिंकिंग तथा पासपोर्ट सेवा जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान 26 बच्चों का आधार नामांकन किया गया, 17 लोगों के आधार में मोबाइल नंबर लिंक किए गए। इसके अलावा 1010 पोस्ट ऑफिस सेविंग बैंक खाते, 22 इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते खोले गए तथा 24 खातों का केवाईसी अपडेट किया गया। इस अवसर पर बक्सर प्रमंडल की डाक अधीक्षक कुमारी सरिता, सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार, डाक निरीक्षक उदय प्रकाश एवं शशांक कुमार, मझरिया शाखा डाकपाल वीरेंद्र उपाध्याय, बरमेश्वर राय, पंचदेव मिश्रा, चुरामनपुर उप डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बम ब्लास्ट की धमकी से बंद रहा बलिया कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** जिला व्यवहार न्यायालय को बम से उड़ाने की मिली धमकी का असर बलिया अनुमंडल ब्यवहार न्यायालय में भी देखने को मिला। जिला जज ऋषिकांत द्वारा ज्योही जानकारी दी गयी कि न्यायालय के ई मेल से न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी वाली खबर जिला न्यायालय के माध्यम से जिला जज द्वारा जिला प्रशासन व पुलिस कप्तान को मिली। इस खबर को लेकर बलिया अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भी सतर्क हो गया। उक्त खबर को बलिया न्यायालय के सबजज सह एसीजेएम रणधीर कुमार ने भी अनुमंडल प्रशासन एसडीएम व डीएसपी तथा स्थानीय थाना को दिया। इधर कोर्ट भवन के अंदर लोगो को खाली करा दिया। जज, कर्मी, अधिवक्ता व पैरवीकार सभी बाहर आ गए। सूचना पर एसडीओ तरनिजा, डीएसपी सुबोध कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार राय पुलिस बल के साथ पहुंचकर परिसर की जांच की। निगरानी को लेकर पुलिस को तैनात कर दिया गया। दिनभर न्यायिक कार्य नही हुआ। एसडीएम कोर्ट का भी कार्य नही हुआ। आने जाने वालों पर निगरानी की जा रही थी। सुरक्षा को लेकर पूरे अनुमंडल कार्यालय भवन अलर्ट मूड पर दिखा। सबजज सह एसीजेएम रणधीर कुमार अनुमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर मेहता व महासचिव मणिशंकर यादव व अधिवक्ताओं के साथ बैठकर जिला कोर्ट को उड़ाने की धमकी भरे ईमेल की जानकारी दी। अनुमंडल अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजकिशोर मेहता व महासचिव मणिशंकर यादव ने कहा आज गुरुवार से विधिवत कोर्ट का कार्य चलेगा।

# कास्मेटिक दुकान में लगी भीषण आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सामने एक कस्मेटिक जनरल स्टोर में सोमवार की देर शाम आग लगने से लाखों के समान जलकर राख हो गए। आग लगने के कारण का अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। अग्निकांड की इस घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गया। स्थानीय लोगों के द्वारा तुरंत आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। जिस सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्नि शमन विभाग के दो दमकल के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक दुकान में रखें ज्यादातर सामान जलकर राख हो चुके थे। इस संबंध में दुकान संचालक बंटी कुमार गुप्ता ने बताया कि इस अग्निकांड में दुकान में रखें 5 लाख से अधिक मूल्य के कस्मेटिक एवं जनरल स्टोर के सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है। उन्होंने बताया कि आग कैसे लगी मुझे भी इसकी जानकारी मुझे भी नहीं हो सकी अचानक दुकान के पीछे से धुएं का फब्बारा आया। देखते हीं देखते दुकान में भी आग की लपटें बढ गई। इस संबंध में सीईओ बिहारी सिंह ने बताया कि स्टेशन रोड में अग्निकांड की घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा आवेदन दी गई है। जिसकी जांच के लिए राजस्व कर्मचारी को निर्देशित कर दिया गया है।

# एनटीपीसी बरौनी ने हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी ने टाउनशिप प्रांगण में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ सोमवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत सभी उपस्थितों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहण के पश्चात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा प्रस्तुत सलामी टुकड़ी का निरीक्षण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। अपने संबोधन में श्री घोष ने सभी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं उपस्थित अतिथियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं तथा भारत के संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत ने एक गणतंत्र के रूप में अपनी यात्रा आरंभ की और यह दिवस केवल एक पर्व नहीं बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपरा, समानता और संप्रभुता का प्रतीक है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 7 नवंबर 1975 को एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना की गई थी। शून्य से शुरू हुई यह यात्रा आज गौरवपूर्ण मुकाम तक पहुँची है और वर्तमान में एनटीपीसी की कुल स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता 87 गीगावट से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 150 गीगावट स्थापित क्षमता प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जिसमें 60 गीगावट हरित ऊर्जा से प्राप्त किया जाएगा। श्री घोष ने एनटीपीसी बरौनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक स्टेशन ने पूर्वी क्षेत्र-1 (ईआर-1) की सभी परियोजनयों में सर्वाधिक पीएलएफ हासिल किया है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जल उपयोग दक्षता, ऐश उपयोग, सुरक्षा एवं तकनीकी नवाचारों में बरौनी परियोजना के प्रयासों की सराहना की और सभी कर्मचारियों से उच्चतम सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि नवाचार के तौर पर एनटीपीसी बरौनी में 1000 मेगावाट-घंटे क्षमता वाले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की स्थापना भी की जा रही है, जो चार घंटे तक 250 मेगावाट बिजली प्रदान करने में सक्षम होगा।

# शिक्षाविद राम बल्लभ प्रसाद की चौथी पुण्यतिथि मनी

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समाजसेवी सोनाली सिंह के दादा शिक्षाविद स्व राम बल्लभ प्रसाद सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य उपस्थित होकर स्व सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि जगदीशपुर के विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, संदेश के विधायक राधाचरण साह, पूर्व सांसद मीना सिंह, पद्मश्री भीम सिंह भवेश, पूर्व एमएलसी लाल दास राय, पूर्व एमएलसी कृष्ण सिंह, मनेर के विधायक भाई वीरेंद्र, पूर्व विधायक विजेंद्र यादव, अरुण यादव समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कीर्तन, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, श्रीमदभागवत गीता पाठ एवं भंडारे का आयोजन हुआ।

# गौतम धाम में होगी कई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

## प्रेस वार्ता में दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला स्तरीय ब्रह्मर्षि सम्मेलन को लेकर शहर के सायोनारा होटल में बुधवार को एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह प्रेस वार्ता ब्रह्मर्षि विवाह एवं उपनयन समिति के बैनर तले आयोजित की गई। जिसमें आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मीडिया के समक्ष रखी गई। जिसमें समिति के अध्यक्ष राममिलन सिंह, महासचिव रामबाबू सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष शिवनंदन सिंह शामिल थे।प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि गौतमधाम, खगड़िया (बेगूसराय) में रामाश्रय सिंह वत्सराज के सौजन्य से नव निर्मित एवं भव्य मंदिर में माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, माता काली एवं माता अन्नपूर्णा की दिव्य एवं तेजोमय प्रतिमाओं का भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन गुरुवार को माघ शुक्ल पक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2082 को पूर्ण वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि इसी पावन अवसर पर मकर संक्रांति के शुभ सम्मान में सभी गोत्रों के भूमिहार ब्राह्मण बंधु-बांधवों का सर्वसमावेशी ब्रह्मर्षि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य समाज को जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक संगठित कर एक सशक्त सामाजिक शक्ति के रूप में स्थापित करना है। आयोजकों ने कहा कि यह केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि संगठन निर्माण का शंखनाद है। प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने समाज से आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों से निकलकर संगठित हों और यह सिद्ध करें कि जब ब्रह्मर्षि समाज एकजुट होता है, तो वह इतिहास रचने की क्षमता रखता है। सम्मेलन में सामाजिक एकता, स्वाभिमान, संस्कार और संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया जाएगा।आयोजकों ने यह भी जानकारी दी कि प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मेलन के समापन के बाद अपराह्न 2:30 बजे से सामूहिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समाज के सभी वर्गों से अपने परिवार सहित कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की गई।

# माउंट लिट्रा में देशभक्ति से सजा गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शहर के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल एवं किडजी के विभिन्न केंद्रों किडजी हर्ल, किडजी बीआरटीएस तथा माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। पूरा परिसर तिरंगे की शान, बच्चों की मुस्कान और राष्ट्रप्रेम की भावना से जीवंत दिखाई दिया।इस पावन अवसर पर विद्यालय के निदेशक ड मनीष देवा एवं प्रधानाचार्या डा. शीतल ने किडजी हर्ल, किडजी बीआरटीएस तथा माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में झंडोतोलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के मुख्य प्रांगण में आयोजित समारोह में डा. महिप देवा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गौरव प्रदान किया।




झंडोतोलन के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ताइक्वांडो का विशेष प्रदर्शन अनुशासन, आत्मविश्वास और साहस का जीवंत उदाहरण बना।किडजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों एवं देशभक्ति विषयक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने मासूम भावों में राष्ट्रप्रेम को साकार कर दिया। वहीं माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत एवं सांसतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और भारतीय संसति की झलक प्रस्तुत की। विद्यालय के निदेशक डा. मनीष देवा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को संस्कारों से जोड़कर उन्हें एक जिम्मेदार, संवेदनशील और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाना है। प्रधानाचार्या डा. शीतल ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि 26 जनवरी का दिन हमें हमारे संविधान, कर्तव्यों और राष्ट्रीय मूल्यों की याद दिलाता है।

## वारंटी गिरफ्तार

**डंडारी।** थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने मंगलवार की रात लंबे समय से फरार चल रहे कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। वहीं गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त की पहचान डंडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक गांव निवासी राजेंद्र पोद्दार का पुत्र अशोक कुमार आनंद के रूप में किया गया।विदित हो कि उक्त वारंटी अभियुक्त के खिलाफ डंडारी थाना में कांड संख्या 83/19 दर्ज था। वहीं गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए बेगूसराय भेज दिया गया।

# डीपीओ ने प्रधानाध्यापकों से ली जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर में बुधवार को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान बेगूसराय ने प्रखंड क्षेत्र के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों व प्रभारी प्रधानाध्यापकों से वीसी के माध्यम से विद्यालय संचालन के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उक्त वीसी का मुख्य एजेंडाओं में कम्पोजिट ग्रांट, सीआरसी ग्रांट राशि का व्यय, विकास कोष छात्र कोष में राशि की उपलब्धता एवं व्यय, विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं सौंदर्यकरण की स्थिति, पुस्तकालयध आई एस एम लैबध्आई सी टी लैब उनन्यन कक्षध्स्मार्ट क्लास की संरचना एवं संचालन की स्थिति, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु किये गये कार्य सहित अन्य एजेंडा शामिल थे जिन पर चर्चा की गई। मौके पर लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, मुहम्मद रईस उद्दीन, अवधेश कुमार ,संजीव कुमार चौधरी, राजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# संत पॉल स्कूल में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित संत पॉल पब्लिक स्कूल में देश की एकता, अखंडता एवं लोकतंत्र की अजेयता को समर्पित 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के सचिव रामबली सिंह तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय की प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी, ट्रस्टी हरे राम राय एवं संजय राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत संयुक्त झंडोत्तोलन के साथ हुई। जिसे विद्यालय के सचिव रामबली सिंह, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्या तनु सौरभ, उप-प्राचार्य संजीव कुमार मिश्रा, ट्रस्टीगण एवं समन्वयक राम कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। मंच संचालन विद्यालय के छात्र-छात्रा मोना कुमारी, आयुषी कुमारी, आरुषि कुमारी, अमृत राज एवं वैभव कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया। झंडोत्तोलन के पश्चात छात्र-छात्राओं ने झंडा गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय के भाभा, रमन, न्यूटन एवं डार्विन हाउस के विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक सोमनाथ मांझी सर एवं छात्र सुधांशु वत्स के नेतृत्व में अनुशासित परेड एवं आकर्षक झांकियों के माध्यम से राष्ट्रध्वज को सलामी दी। विद्यालय के सचिव श्री सिंह ने 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपनी सभ्यता, संसति और नैतिक मूल्यों से स्वयं को अलंत करने का साधन है।

# भारत सरकार का जी राम जी योजना का शुभारम्भ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** भारत सरकार ने विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अर्थात 'विकसित भारत द्द जी राम जी अधिनियम, 2025 की घोषणा की है। यह अधिनियम ग्रामीण भारत में आजीविका सुरक्षा, समावेशी विकास और सुदृढ़ अवसंरचना के निर्माण को एक नई गति प्रदान करेगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिट्टू कुमार ने बताया कि इस अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के उन वयस्क सदस्यों को, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं, एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी-आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। यह प्रावधान ग्रामीण क्षेत्रों में आय सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ पलायन की समस्या को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत क्रियान्वित की जाने वाली सभी परियोजनाएं विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक का हिस्सा होंगी। इनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा जलवायु परिवर्तन एवं प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को कम करने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यों की योजना विकसित ग्राम पंचायत आयोजना के माध्यम से तैयार की जाएगी तथा इन्हें पीएम गति-शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों के साथ एकीत किया जाएगा, जिससे संसाधनों का समुचित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। कृषि क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्यों को यह अधिकार दिया गया है कि वे एक वर्ष में अधिकतम 60 दिनों की अवधि अधिसूचित कर सकें, जिसके दौरान बुवाई एवं कटाई जैसे व्यस्त कृषि कार्यों के समय श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु इस अधिनियम के अंतर्गत अन्य कार्य नहीं कराए जाएंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से योजना के कार्यान्वयन में बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, स्थानिक प्रौद्योगिकी तथा डैशबोर्ड आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से नियमित सामाजिक अंकेक्षण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जिससे भ्रष्टाचार मुक्त और प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सके। योजना के सुचारु संचालन के लिए राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर संचालन समितियों का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रशासनिक एवं समन्वय संबंधी दायित्वों का निर्वहन करेंगे।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division**
**Medininagar**

प्रपत्र संख्या –1

**E-Procurement Notice**

**Very Short E-Tender reference no - DWSD/Spare Parts/06/2025-26 Date :- 27.01.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark - II respectively) under D.W.& S. Division, Medininagar for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 51.98758 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 10,000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 1,04,000.00 |
| 5 | Time of Completion | 21 (Twenty One) Days |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 30.01.2026 / 02.30 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid (Online Bidding) | 09.02.2026 / 05.00 PM |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.02.2026 / 05.00 PM |
| 9 | Date of opening of Tender | 11.02.2026 / 05.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar |
| 11 | Contact no of Procurement office | 9973742366 |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**PR 371830 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D**

**(Jeson Horo), Executive Engineer Drinking water & Sanitation Division, Medininagar**

# ओबरा थाने में पुलिस अधीक्षक ने लगाया जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** थाना परिसर में मंगलवार को औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अमरेश राहुल ने जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार की शुरुआत में ओबरा की मुखिया सीमा अग्रवाल, मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय नारायण सिंह तथा सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। जनता दरबार के दौरान सबसे पहले कारा स्थिति कब्रिस्तान से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ, जिसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह रैयती भूमि से जुड़ा मामला है और आपसी सहमति से समाधान करने का निर्देश दिया। मनसा देवी ने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया, जिस पर थाना अध्यक्ष को त्वरित प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया तथा पीड़िता को दहेज प्रताड़ना से संबंधित कानूनी सलाह दी गई। ओबरा निवासी विश्वनाथ दुबे की पुत्री प्रिया कुमारी ने भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने इसे




पारिवारिक मामला बताते हुए आपसी बातचीत से निष्पादन करने की बात कही। मीरा देवी ने अपनी ननद पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया, जिस पर उन्हें न्यायालय का सहारा लेने का सुझाव दिया गया। ओबरा के संजय गुप्ता ने भूमि विवाद को लेकर आवेदन दिया, जिस पर थाना अध्यक्ष को त्वरित प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष ने बताया कि जिले में पहले चोरी की घटनाएं अधिक होती थीं, लेकिन अब इन पर काफी हद तक लगाम लग चुकी है और फिलहाल चोरी की घटनाएं लगभग बंद हैं। ओबरा निवासी अवध बिहारी मूर्ख ने अपने निजी मकान के रास्ते में सुरक्षा दीवार बनाने से संबंधित आवेदन दिया, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने अंचल अधिकारी को मापी कराने का आदेश दिया। कारा निवासी मोहम्मद तनवीर ने चार पहिया वाहन को दूसरे व्यक्ति द्वारा जब्त कर लेने की शिकायत की, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने अवर निरीक्षक अंकित कुमार को एक सप्ताह के भीतर वाहन बरामद करने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटना रोकथाम समिति के सदस्यों ने ओबरा में जाम की समस्या उठाई, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जिला स्तर पर बैठक कर विचार करने और डिवाइडर निर्माण की बात कही। समिति के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देरी का मुद्दा उठाया, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक अमरेश राहुल ने बताया कि जनता दरबार मुख्यमंत्री सात निश्चय भाग तीन के तहत मुख्यमंत्री के निर्देश पर सप्ताह में दो दिन आयोजित किया जाता है, जिसमें इस दिन लगभग 35 से 40 आवेदन प्राप्त हुए, अधिकतर भूमि से संबंधित थे, जिन्हें जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को निष्पादन के लिए भेजा गया है, जबकि कुछ आवेदन खाने से जुड़े थे, जिन पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। थाना परिसर में पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक को अवर निरीक्षक निधि कुमारी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जनता दरबार को लेकर फरियादियों ने कहा कि सरकार की यह पहल सराहनीय है, जिससे लोगों को सीधे अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखने का अवसर मिल रहा है। इस मौके पर दाउदनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार सिंह, ओबरा थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार, निरीक्षक अंकित कुमार, दीपक कुमार, रितु कुमारी, संजय ठाकुर, अरुण कुमार, अनिल कुमार, रंभा कुमारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला समेत दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज–ओबरा मुख्य पथ पर बहादुरपुर गांव के समीप मंगलवार को एक सड़क हादसे में अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर चरकावां निवासी 50 वर्षीय अहमद अली और इसी गांव के जुगेश्वर दास की 35 वर्षीया पत्नी नीलम देवी के रूप में की गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान अहमद अली ने बताया कि वे नीलम देवी के साथ बाराही बाजार स्थित एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय गए थे। काम निपटाकर लौटते समय सामने से आ रहे एक चारपहिया वाहन ने अचानक चकमा दे दिया, जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े।

# एकल विद्यालय फाउंडेशन के तहत कंबल वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर के गायत्री मंदिर परिसर में एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तहत मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना और संगोष्ठी के साथ की गई। इस अवसर पर फाउंडेशन के सहयोग से गरीबों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तेजपुरा पैक्स अध्यक्ष रंजना कुमार द्वारा बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण



के दौरान कहा गया कि ठंड के मौसम में इस तरह की सेवा गरीबों के लिए अत्यंत लाभकारी होती है और यह कार्य वे पूर्व से करते आ रहे हैं। कंबल प्राप्त करने वाले गरीबों ने एकल विद्यालय फाउंडेशन के सदस्यों तथा पैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाजसेवी नेता मोहन यादव, शंकरदयाल सिंह, देवबली सिंह, मायादेवी, राजीव पाण्डेय, अरुण सिंह, सुरेंद्र पासवान, बिरेंद्र पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने का आग्रह

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद औरंगाबाद द्वारा सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में स्नातकोत्तर के सत्र 2025-27 व 2024-26 के छात्रों का चल रहे नामांकन प्रक्रिया में महाविद्यालय द्वारा लिए जा रहे नामांकन शुल्क का विरोध किया गया। परिषद के जिला संयोजक अभय कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ प्रभारी प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक अभय कुमार ने बताया कि मगध विश्वविद्यालय मगध तथा बिहार के लोक भवन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालय में स्नातकोत्तर में प्रवेश प्रक्रिया में सिर्फ प्रथम व तृतीय सत्र में नामांकन की प्रक्रिया करना अनिवार्य है तथा उसी सत्र में निर्धारित शुल्क भी लेना है। मगर महाविद्यालय प्रसाशन द्वारा विश्वविद्यालय के नियमावली को अनदेखी करते हुए पिछले तीन सत्र से सभी सेमेस्टर में नामांकन के नाम पर छात्रों से अवैध रूप से मोटी रकम वसूली जा रही है। नगर मंत्री प्रभात कुमार ने बताया कि हमने तत्काल प्रभाव से प्राचार्य से आग्रह किया है कि अभी चल रहे नामांकन प्रक्रिया को विलंब रोक लगाते हुए साथ ही पूर्व में जिन छात्रों से सेमेस्टर में नामांकन के नाम पर शुल्क लिया जा चुका है उनकी शुल्क वापसी की उचित व्यवस्था की जाए व छात्रों की समस्या को गंभीरता से लिया जाए अन्यथा विद्यार्थी परिषद आगे आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी जिमेदार महाविद्यालय प्रसाशन स्वय होगी।

# अजीत पवार के निधन पर सुशील कुमार सिंह ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार सहित कई लोगों के असामयिक निधन पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक और बहुत दुखद है। पूर्व सांसद ने कहा कि अजीत पवार लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहकर महाराष्ट्र की राजनीति को नई दिशा देने का कार्य करते रहे और उनका निधन न केवल उनके समर्थकों के लिए बल्कि संपूर्ण राजनीतिक जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत सभी



पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल और धैर्य प्रदान करें, साथ ही कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी संवेदनाएं परिवार के साथ हैं। इस अवसर पर भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजेन्द्र चन्द्रवंशी, देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, बिनोद सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह उर्फ मुखिया, पिन्टू सिंह, अमरीश सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता, भाजपा नेता मुनीन्द्र राम, जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव रणजीत चन्द्रवंशी, प्रवीण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, भरत सिंह, उदय सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विनय सहित अन्य भाजपा नेताओं एवं समाजसेवियों ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अजीत पवार के निधन पर डॉ सुरेश पासवान ने जताई संवेदना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र सरकार के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का विमान दुर्घटना में निधन हो गया है, जिससे देशभर में शोक की लहर फैल गई है। इस घटना पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अजीत पवार के असमय निधन की खबर से पूरा देश मर्माहत है और उनके चले जाने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक ऐसी शून्यता उत्पन्न हो गई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में करना कठिन होगा।

## हुलासगंज में दो दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में दो दर्जन से अधिक लोगों को पागल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। पिछले दो दिनों से आतंक मचा रहे कुत्ते के डर से लोग बहुत सावधानी से निकल रहे थे। लेकिन राहत की बात है कि उस पागल कुत्ते को स्थानीय लोगों ने मार दिया। बड़ी संख्या में घायल लोगों को हुलासगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐन्टी रेबीज वैक्सीन एवं इलाज के लिए पंक्तिबद्ध देखा गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि हुलासगंज सीएचसी में पहली बार इतनी संख्या में कुत्ते के काटने से घायल लोगों को देखा जा रहा है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया बाजार स्थित पैराडाइज कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रदीप कुमार चौधरी एवं अंचल अधिकारी (सीओ) कौशल्या कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में एसआई सुगंध कुमार, सूर्यदेव यादव, बच्चू खलीफा एवं खुशबू कुमारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने




किया। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ एवं सीओ ने कोचिंग संस्थान में टॉप करने वाली छात्रा को सम्मानित किया और कहा कि वही विद्यार्थी जीवन में सफल होते हैं, जो एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई करना विद्यार्थियों का दायित्व है, जबकि गुरु केवल मार्गदर्शन करते हैं। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने और पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की अपील की।

कोचिंग संस्थान के व्यवस्थापक रंधीर कुमार ने कहा कि यदि जीवन में सफल व्यक्ति बनना है तो शिक्षा ग्रहण करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है तथा योग्य शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कराई जाती है।

# विद्या बुद्धि ज्ञान संगीत की जननी हैः अलख निरंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के कंचनपुर पंचायत अंतर्गत पूर्णाडीह गांव में नवयुवक संघ के सौजन्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरस्वती पूजा के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन समाजसेवी अरुण कुमार ने किया, जबकि विधिवत उद्घाटन डिहरा स्टेट बैंक के सीएसपी शाखा प्रबंधक अलख निरंजन ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलख निरंजन ने कहा कि वे जनसेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाजसेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नवयुवक संघ की समिति द्वारा मंच पर दिया गया सम्मान उनके लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि विद्या, बुद्धि, ज्ञान, संगीत और वाणी की जननी सरस्वती हैं, जो सृष्टि में अज्ञानता का नाश कर ज्ञान की धारा प्रवाहित करती हैं और मानव को बुद्धि तथा समझने की शक्ति प्रदान करती हैं। उन्होंने मां सरस्वती से प्रार्थना की कि सभी के जीवन से अंधकार दूर हो और सब पर उनका आशीर्वाद बना रहे। कार्यक्रम के दौरान समिति अध्यक्ष अरुण कुमार ने अतिथियों का तिलक लगाकर और बुके देकर सम्मान किया। इस अवसर पर हिमांशु कुमार, शिवम कुमार, सोनू कुमार, विशुन कुमार, छोटन कुमार, रवि कुमार, राकेश कुमार, रंजन कुमार, रामाशीष सिंह, उदय नारायण शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, गोपाल सिंह, राजा सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, प्रिंस कुमार, कन्हाई कुमार, भोला कुमार, प्रेमचंद कुमार सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गोरा इलेवन टीम ने मिलेनियम कप पर किया कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा हाई स्कूल के बड़े खेल मैदान में आयोजित मिलेनियम कप क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ भव्य समापन हो गया। फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोरा इलेवन टीम ने जहानाबाद की टीम को 43 रनों से पराजित कर चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता टीम को 51 हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की गई। फाइनल मुकाबले में गोरा इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 194 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी जहानाबाद की टीम 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी। इस तरह गोरा इलेवन ने टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। समापन समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शहबाज मिन्हाज ने की। मुख्य अतिथि गोह विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेंद्र कुशवाहा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रणविजय शर्मा के सुपुत्र कृष्णा सिंह उर्फ श्रीबाबू ने दोनों टीमों के कप्तानों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक एनएसएसटी स्कूल के निदेशक संतोष तिवारी एवं प्रबंधक राजेश कुमार ने विजेता टीम को 51 हजार रुपये का चेक प्रदान किया, जबकि उपविजेता टीम को




आनंद संगीत महाविद्यालय के निदेशक अरविंद कुमार वर्मा ने 25 हजार रुपये का चेक दिया। फाइनल मैच में गोरा इलेवन के अमन को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। अमन ने महज 45 गेंदों में 19 छक्के और 4 चौकों की मदद से नाबाद 141 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जो मिलेनियम कप के इतिहास का व्यक्तिगत सर्वोच्च स्कोर रहा। वहीं पूरे टूर्नामेंट में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए गोरा इलेवन के विवेक गब्बर को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने पहले मैच में 99 रन और 2 विकेट, दूसरे मैच में 1 विकेट तथा फाइनल में उपयोगी रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बेस्ट फील्डर का पुरस्कार गोरा इलेवन के भोला को मिला, जबकि बेस्ट बॉलर का खिताब हसपुरा टीम के अनुज को दिया गया, जिन्होंने एक मैच में 5 विकेट झटके थे। अंपायर की भूमिका अविनाश कुमार उर्फ बब्लू जी एवं राजवीर उर्फ रिंकू भारती ने निभाई। स्कोरिंग ई. सरोज यादव और मो. सदफ खान ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल शिक्षक हरिद्वार सिंह, संयोजक दीपक कुमार और मो. असरफ अंसारी ने बारी-बारी से सुनाया।

मैन ऑफ द सीरीज को इलेक्ट्रिक स्कूटी, मैन ऑफ द मैच को डेस्कटॉप, बेस्ट बल्लेबाज को एलईडी टीवी प्रदान किया गया। इसके अलावा प्रत्येक रन, विकेट, चौका-छक्का, डॉट बॉल और दर्शक दीर्घा में कैच पकड़ने वाले दर्शकों के लिए भी नकद इनाम रखे गए थे। हर मैच में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से दर्शकों को मोबाइल गिफ्ट भी दिया गया, जिससे टूर्नामेंट का उत्साह और रोमांच चरम पर रहा।

# यूजीसी के नए नियम पर सवाल, छात्रों के अधिकारों पर 'काला कानून' थोपने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा उच्च शैक्षणिक संस्थानों में लागू किए गए नए नियम को लेकर विरोध के स्वर तेज होते जा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता हार्दिक सिंह ने इस विनियमन को समान वर्गों के छात्र-छात्राओं पर थोपा गया "काला कानून" बताते हुए इसे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध करार दिया है। हार्दिक सिंह का कहना है कि यूजीसी के इस नए नियम से शैक्षणिक परिसरों का माहौल प्रभावित होगा और छात्र स्वतंत्र होकर अध्ययन नहीं कर सकेंगे। इससे न केवल विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति की आज़ादी सीमित होगी, बल्कि देश की प्रतिभा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस नियम के तहत कानून का हवाला देकर किसी भी छात्र को कभी भी किनारे किया जा सकता है, जिससे भय और असुरक्षा का वातावरण बनेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार को यह लगता है कि किसी विशेष वर्ग के छात्र ही समस्याएं उत्पन्न करते हैं, तो फिर उन वर्गों के लिए अलग से शैक्षणिक संस्थानों का निर्माण किया जाए और उसी वर्ग के शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है, लेकिन यूजीसी के ये विनियम व्यवहार में इस अधिकार को कमजोर करते प्रतीत होते हैं। हार्दिक सिंह ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक परिसरों में सौहार्द, समानता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि परिसरों में किसी भी प्रकार के भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। वर्तमान में इस विनियम को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और अन्य हितधारकों के बीच कई भ्रांतियां फैली हुई हैं। उन्होंने मांग की कि यूजीसी को सभी हितधारकों से संवाद स्थापित कर तत्काल इन भ्रांतियों को दूर करना चाहिए। साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और सभी विद्यार्थियों के लिए भेदभाव-मुक्त शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए समाज के सभी वर्गों को सामूहिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# अवैध बालू परिवहन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना पुलिस एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए हैं। यह कार्रवाई हसपुरा–महेंदिया मुख्य मार्ग पर पीरू गांव के पास की गई।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सुबह के समय बड़ी संख्या में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर इस मार्ग से गुजरते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस एवं खनन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर जांच अभियान चलाया। इसी दौरान पीरू गांव के पास दो संदिग्ध ट्रैक्टरों का पीछा किया गया। पुलिस को देखकर भागने के प्रयास में एक ट्रैक्टर चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर बिजली के खंभे से टकरा गया। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त ट्रैक्टरों के मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस एवं खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# टीएलएम मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुटुंबा।** प्रखंड संसाधन केंद्र कुटुंबा में बुधवार को प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला 3.0 का आयोजन किया गया। इस टीएलएम मेला में प्रखंडाधीन सभी संकुल में प्रथम स्थान पर चयनित टीएलएम की प्रदर्शनी लगाई गई। अपने अपने टीएलएम के साथ शिक्षक और शिक्षिकाओं ने इस मेला में भाग लिया। ये टीएलएम कक्षा 1 से 5 तक के हिंदी ,अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण और उर्दू विषय के बनाए गए थे। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रणविजय कुमार, विकास कुमार विश्वास, नीरज पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद साहु, नंदलाल राम, दिनेश राम , लेखापाल अविनाश कुमार ने टीएलएम मेला का उद्घाटन किया। सभी ने स्टॉल पर लगाए गए सभी




टीएलएम का सूक्ष्मता से अवलोकन कर विहित प्रपत्र में रेटिंग किया। हिंदी में संगीता कुमारी पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुम्बा के टीएलएम को प्रथम, रिया चौहान मध्य विद्यालय रतीखाप के टीएलएम को द्वितीय और दिव्या केशव मध्य विद्यालय वर्मा के टीएलएम को तृतीय स्थान पर चयनित किया गया। अंग्रेजी विषय में प्रीति यादव मध्य विद्यालय भरत के टीएलएम को पहला स्थान, रिया चौहान मध्य विद्यालय रतीखाप के टीएलएम को दूसरा स्थान और अहमद रज़ा पीएमश्री मध्य विद्यालय कुटुंबा के टीएलएम को तीसरे स्थान पर चयनित किया गया। गणित में सोमनाथ प्रसाद मध्य विद्यालय सिकरिया के टीएलएम को पहला स्थान, धनंजय कुमार सिंह मध्य विद्यालय चौखड़ा के टीएलएम को दूसरा स्थान और श्यामजी कुमार प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर के टीएलएम को तीसरा स्थान पर चयनित किया गया। पर्यावरण में नितेश पासवान प्राथमिक विद्यालय देवी नेउरा के टीएलएम को पहला स्थान, पुष्पा कुमारी प्राथमिक विद्यालय कुटुंबा के हिंदी के टीएलएम को दूसरा स्थान और प्रीति कुमारी प्राथमिक विद्यालय सैद बिगहा के टीएलएम को तीसरे स्थान पर चयनित किया गया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर चयनित उत्कृष्ट टीएलएम के शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बीइओ ने बताया कि इस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर चयनित उत्कृष्ट टीएलएम के साथ शिक्षक और शिक्षिकाएं गुरुवार को औरंगाबाद में आयोजित जिलास्तरीय टीएलएम मेला में भाग लेंगे।


**बिहार सरकार**

नगर विकास एवं आवास विभाग
कार्यालय, नगर पंचायत, रफीगंज (औरंगाबाद)
अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 04/2025–26
(E-Tendering on website-www.eproc2.bihar.gov.in)

**शुद्धि–पत्र**

विज्ञापनदाता का नाम एवं पता– **नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, रफीगंज।**
विभिन्न समाचार–पत्रों में प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०– 04/2025–26, जिसका PR No.-021892(B&C)2025-26 हैं अपरिहार्य कारणवश उक्त निविदा आमंत्रण सूचना के तिथियों विवरणी के अनुसार संशोधित किया जाता है :–

| क्रम सं० | विवरणी | पूर्व निर्धारित तिथि/विवरणी | संशोधित तिथि/विवरणी |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा कागजात अपलोड करने की तिथि/समय | दिनांक – **21.01..2026** को **10:00** बजे से। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) | दिनांक – **05.02.2026** को **10:00** बजे से। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 2 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक – **27.01.2026 अपराहन 15:00** बजे तक। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) | दिनांक – **11.02.2026 अपराहन 15:00** बजे तक। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 3 | तकनीकी बीड/वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | दिनांक – **28.01.2026 अपराहन 15:30** बजे से। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) | दिनांक – **12.02.2026 अपराहन 15:30** बजे से। on website (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 4 | अग्रधन सभी मूल षपथ पत्र, Existing Commitment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक– **28.01.2026 के 15:00** बजे तक। | दिनांक– **12.02.2026 के 15:00** बजे तक। |
| 5 | हेल्प डेस्क | निशुल्क दूरभाष सं०– 18005726571 (08:00 AM to 07:00 PM All day in a week except few selected state holiday) E-Mail :- eproc2support@bihar.gov.in | |

नोट :– विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना की सभी शर्ते पूर्व की भांति रहेगी।

नगर कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, रफीगंज

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
**PR. No. 22697 (B&C) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। ई.निविदा सं. : पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–07–25–26.
1. कार्य का नाम : इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)"– पूर्वी मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में कोडरमा–अरिगड़ा खंड के दोहरीकरण कार्य के निर्माण के संबंध में कठौतिया स्टेशन से हजारीबाग टाउन स्टेशन तक चैनल 51,500 किमी से 81,000 किमी (कुल 29.50 किमी) तक 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए दोहरीकरण कार्य के निर्माण सहित मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, छोटे पुल, बड़े पुल, आरओबी (मौजूदा आरओबी को हटाने सहित), एलएचएस/आरयूबी, ट्रैक का काम, प्लेटफॉर्म का काम, स्टेशन भवन, एफओबी, अन्य भवन और संबंधित विविध कार्यों। 2. अंकलित मूल्य (रू.) : ₹342,28,50,769.98, 3. निविदा प्रपत्र का लागत (रू.) : ₹0.00, 4. अग्रधन राशि (रू.) : ₹1,71,14,300.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 730 दिन। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 27.03.2026 at 15:30 बजे।
ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
द्रष्टव्य : निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।
कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/1702/एमएचएक्स/नि./टी/25–26/56

# 700 ग्राम गांजा के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

## किराना दुकान की आड़ में बेचता था गांजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मसौढी पुलिस ताबड़तोड़ लगातार कार्रवाई कर रही है। पिछले दो हफ्ते में मसौढी पुलिस को कई अहम कामयाबी मिली है। मंगलवार की देर शाम को मसौढी थाना क्षेत्र के दहीभत्ता गांव से 700 ग्राम गांजा के साथ दो सप्लायर को मसौढी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने बताया की मसौढ़ी थानांतर्गत आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध की गई छापेमारी में 700 ग्राम गांजा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी का दहभता गांव मे किराना दुकान की आड में गांजा की बिक्री करते थे गिरफ्तार सप्लायर में खुर्शीद आलम (46,) पिता इलियास आलम एवं रामबाबू साव (55) पिता स्व बालदेव साव है। जो दोनों सप्लायरमें एक किराना का दुकान और एक परचूनी दुकान चलाता है और दुकान की आड़ में गांजा की बिक्री करता था। छापेमारी के दौरान खुर्शीद आलम के पास से 500 ग्राम गांजा और रामबाबू के पास 200 ग्राम गांजा जप्त की गई है।



इसके साथ ही उन्होंने बताया कि मसौढ़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार सूचनाएं मिल रही थी की मसौढ़ी क्षेत्र में स्मैक, गांजा एवं विदेशी शराब बिक्री को लेकर कई गैंग एक्टिंग है। जिसको लेकर टीम गठित करते हुए लगातार इन नशे के सौदागरों के खिलाफ अभियान छोड़ते हुए तबातोड़ छापेमारी की गई, जहां अब तक कई अहम कामयाबी मिल पाई है। ऐसे में नशे की इस लत में गांव से लेकर शहर तक छोटे-छोटे युवक इसके गिरफ्त मे है। जिसको लेकर पुलिसिया कारवाई निरंतर चल रही है और इस कारवाई से स्मैक, गांजा सप्लायर मे हडकंप मची है।

## सुबेलाल हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सुनाई गई सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट में मंगलवार को एडीजे-1 शंकेश चंद्रा की कोर्ट में सुबेलाल हत्याकांड की केस में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है, इसके साथ ही 20 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा होगी। दरअसल मामला भगवानगंज थाना क्षेत्र के गंदुगढ का है, जहां पूर्व से चली आ रही जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी ठंडे के साथ मारपीट में सुबेलाल की मौत हो गई थी। इस मामले मे पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मसौढी न्यायालय के सेशन ट्रायल 504/ 24 भगवानगंज थाना कंाड संख्या 157/ 23 के तहत चल रहे केस में मंगलवार को कुणाल कुमार उर्फ हरेराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने बताया कि एडीजे-1, शंकेश चंद्रा की कोर्ट में यह सजा सुनाई गई है।

## जमीन विवाद एवं छज्जा निकालने को लेकर मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रहमतगंज मोहल्ले में जमीन विवाद और रास्ते में छज्जे निकालने को लेकर दो गुटों में मारपीट की घटना सामने आई है, जहां पर एक पक्ष जफर अंसारी ने दूसरे पक्ष के वाहिद अंसारी, तेतर अंसारी समेत पांच लोगों पर मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है और मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाया है। दरअसल थाने में दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि रास्ते में छज्जा निकालने का विरोध किया तो पांच लोग हमारे घर में घुस आए और हमारे साथ मारपीट किया। बहरहाल पुलिस इस पूरे बिंदु में बिंदुवार जांच पड़ताल में जुटी है।

## एक नजर

### शटर तोड़कर 25 हजार नगदी समेत सामान की चोरी

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के अमरपुरा गांव में एक किराना दुकान में बीते देर रात को चोरों ने शटर उखाड़ कर 25000 नगद समेत कई सामान की चोरी कर ली है। इस मामले में पीड़ित संजोगा देवी पति शिवचरण पंडित अमरपुरा के निवासी ने धनरूआ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है कि बीते 25 जनवरी को दुकान बंद कर अपने घर गई हुई थी और जब सुबह लौटी तो दुकान का शटर उखडा हुआ है, जब ताला खोलकर अंदर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ था, 25000 नगदी, सिलाई मशीन गायब था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी।

### छेड़खानी का विरोध करने पर पिस्तौल दिखा कर की मारपीट

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र की है जहां पर कोचिंग पढ़कर घर लौट रही एक छात्रा के साथ सड़क पर सरेआम हाथ पकड़ कर घसीटते हूए छेड़खानी की गई। वही विरोध करने पर छात्रा के साथ मारपीट की भी घटना की गई। इस मामले में जब लड़की ने विरोध किया और अपने बड़े भाई दीपक कुमार को बुलाया तो उसे भी मारपीट कर पिस्टल दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में पीड़ित छात्रा ने मसौढी थाना क्षेत्र के श्रीनगर के रहने वाले रंजीत कुमार पिता गफुर के खिलाफ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन के आलोक में लिखा है कि पिछले कई दिनों से यह लफंगा हमारा पीछा कर रहा था, लेकिन आज जब हम कोचिंग कर घर लौट रहे थे तो यादव डेयरी के पास जैसे ही पहुंचे तो मेरा हाथ पकड़ कर खिचने लगा और जब हम विरोध किये और अपने भाई को बुलाए तो उसके साथ भी मारपीट की और पिस्तौल दिखाकर धमकी दिया है। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

### चाकू के बल पर महिला से गहने की छिनतई

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के फतेहाबाद बलियारी मोड़ के पास चाकू दिखाकर बाइक सवार दो युवकों ने एक अकेली महिला को देखकर उससे मंगलसूत्र, कनवाली, जितिया छीन लिया है। इस मामले में सर्फाबाद बलियारी टोला निवासी रिंकू देवी पति सहजा यादव ने भगवानगंज थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिडित रिंकू देवी के दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि बीते 21 जनवरी की शाम 6:00 बजे नदौल से अपने घर सर्फाबाद बलियारी टोला जा रहे थे, उसी दौरान जब टेंपो से उतरकर फतेहाबाद बलिहारी मोड़ के पास उतरे तो सुनसान और अकेले देखकर बाइक पर सवार दो युवक आए और पहले आकर कहा कि जो कुछ भी है दे दो नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे उसके बाद हमने विरोध किया तो स्प्रिंग वाला चाकू निकाला और धमकाया जिससे हम डर के कनवाली मंगलसूत्र जितिया दे दिए और वह नदौल की ओर भाग गया।

### छेड़छाड़ मामले में दो के खिलाफ आवेदन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बेलौटी गांव में एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जमकर मारपीट कर देने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल मामला बीते 23 जनवरी की शाम को है जहां पर पीड़िता के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि शाम को जब दरवाजे पर बैठे थे तो एक व्यक्ति शराब के नशे में आया और मुझे पकड़ लिया और मेरे शरीर के साथ छेड़छाड़ करने लगा और जब हम गांव से पूर्व की ओर भागने लगे तो खदेड कर न केवल मेरे साथ मारपीट की बल्कि उसका बेटा भी आकर मारपीट कर गाली गलौज किया है।

## ऑटो लूट कांड के वांछित के घर साटा गया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पिपरा पुलिस ने लहसुना थाना के सुकठिया गांव में लूट कंाड का वांछित फरार अपराधी जो पिपरा थाना कंाड - 40/24, का सुमन कुमार पिता हरेसर यादव ग्राम के घर विधि सम्मत ग्रामीणों के मौजूदगी में इश्तेहार चस्पा किया। पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना बीते 27.7.2024 का है जहां पर जहानाबाद जिले के उंटा के रहने वाले सुरेंद्र कुमार पिता ज्ञानचंद चौधरी के द्वारा लिखित आवेदन में बताया गया था कि जहानाबाद से नदवां के लिए दो ब्यक्तियों ने ऑटो रिजर्व करके ला रहा था इस दौरान नदवां पहुचने पर कुछ आगे बढ़ने की गुजारिश की और फिर कुछ और लोग अपाची बाईक से आए और फिर पिस्तौल



भिडाकर मुझसे ऑटो ले करें भाग गए थे, और हमे तुलसीचक रहमनचक के. पास उतार कर ऑटो लुट कर भाग निकले। इसी मामले में बिंदुवार जांच के दरमियान में कई लोगों का नाम आया था उसी को लेकर ऑटो लूटने के अपराधी के घर पर इश्तिहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी गई है अगर ससमय में सरेआम नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रोजेक्ट उन्नति के तहत मनरेगा मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी, दी जाएगी ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** प्रोजेक्ट 'उन्नति' का उद्देश्य मनरेगा श्रमिकों के कौशल को बढ़ाकर उनकी आजीविका में सुधार करना है, ताकि वे आंशिक रोजगार से पूर्णकालिक रोजगार की ओर बढ़ सकें और मनरेगा पर अपनी निर्भरता कम कर सकें। ऐसे में मसौढ़ी में मनरेगा में मजदूरी करने वाले मजदूरों को काम के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा जिसको लेकर ग्रामीण विकास विभाग के अग्रणी पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा संचालित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा 18 वर्ष से 50 वर्ष के आयु के युवक युवतियों को अपनी इच्छा अनुसार उनके विषय में प्रशिक्षण



दिया जाना है। जिससे मनरेगा मजदूर मजदूरी के साथ-साथ नई व्यवसाय की ट्रेनिंग लेने के बाद अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे जिससे उन्हें अब काम की तलाश में इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इसके अलावा ट्रेनिंग के दौरान उन्हें पैसों का भुगतान भी किया जाएगा। जीवीकोपार्जन विशेषज्ञ जीविका के युसूफ सिद्दीकी ने कहा कि मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों को प्रोजेक्ट उन्नति योजना चलाई जा रही है जिससे उन्हें काम की तलाश नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जो मजदूर सौ दिन तक मनरेगा में काम कर चुके हैं और उनके पास जॉब कार्ड भी है ऐसे मजदूरों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के जरिए उनकी एक सूची तैयार कर कौशल विकास मिशन और आरसेटी के तहत अलग-अलग व्यवसायों की फ्री ट्रेनिंग भी कराई जाएगी। इस दौरान मनरेगा मजदूर सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग और पशुपालन समेत कई अन्य व्यवसाययों की फ्री ट्रेनिंग लें सकेगे वहीं इस दौरान उन्हें मनरेगा मजदूरी के हिसाब से ट्रेनिंग के दिनों का पैसा भी दिया जाएगा। मौके पर राजू कुमार सीनियर फैसिलिटी पीएनबी बैंक के साथ इंद्रजीत कुमार मौजूद रहे।

## पुनपुन में बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने सीओ पर फोन से धमकी देने का लगाया आरोप, सीओ ने किया खारिज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन प्रखंड के बीस सूत्री उपाध्यक्ष सिंटू कुमार ने पुनपुन के अंचलाधिकारी ममता कुमारी पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। दरअसल बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर तकरीबन 3:45 बजे अंचल कार्यालय मे ड्यूटी से गायब कर्मचारियों का विडियो वायरल हो रहा था। इसी संदर्भ में सिंटू कुमार अंचल कार्यालय मे पदाधिकारी के

### आंदोलन की कही गई बात

नहीं रहने की शिकायत वरीय अधिकारियों से की। आरोप है की सीओ ने मोबाइल कर फोन कर अभद्रता पूर्वक बात करते हुए धमकी दी। इस मामले में सिंटू कुमार ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की गुहार लगाई हैं। कहा है की एक जनप्रतिनिधि से सीओ ने न केवल अभद्रता से बात की है बल्कि मान सम्मान पर भी ठेस पहुचाया है। जिस पर कारवाई होनी चाहिए अन्यथा हम सभी जनप्रतिनिधि इसको लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। वही सीओ ममता कुमारी ने इस मामले में कहा है कि 2:30 बजे फील्ड विजिट को लेकर वे लखना गई थीं। इसके साथ ही कुछ कर्मचारी खाना खाने के लिए ऊपर बैठे थे और कुछ स्टाफ नीचे थे। लेकिन सिंटू कुमार हमारे गार्ड और कुछ स्टाफ को हटाकर वीडियो बना रहे थे। हमारे कार्यालय मे सीसीटीवी है जो देखा जा सकता है। हमने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दी है।

## बिक्रम में दो घंटे तक रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कनपा फीडर में 33 केवीए बिक्रम से कनपा के बीच बिजली का खंभा गाड़ने के कारण गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कनपा पावर हाउस से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। कनीय अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि वजीरपुर,हैबसपुर गोना, सैदाबाद कनपा, काब निसरपुरा, राजीपुर, घाना निसरपुरा, पतूत, बेनीबीघा पंचायत के कुछ गांव में विद्युत आपूर्ति ठप्प रहेगी। विभाग ने कहा कि उपभोक्ता बिजली सम्बंधित कार्य अवश्य कर लेंगे।

## पालीगंज में सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण, कई पक्के मकान ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज नगर पंचायत के रामपुर नगवां स्थित व्यवहार न्यायालय परिसर की सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्ती से हटाया। अंचल अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, व्यवहार न्यायालय बनने से पहले सरकारी जमीन पर कृष्णा यादव सहित कई लोगों ने पक्के मकान बना लिए थे। न्यायालय बनने के बाद अंचल कार्यालय की ओर से अतिक्रमण



हटाने को लेकर कई बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन नोटिस के बावजूद लोगों ने मकान नहीं हटाए। तीन बार नोटिस और अधिसूचना जारी होने के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो अंचल अधिकारी ने बलपूर्वक कार्रवाई का आदेश दिया। इसके तहत कृष्णा यादव समेत कई लोगों के मकानों को तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में प्लॉट संख्या 743 का कुल लगभग 2 एकड़ 18 डिसमिल सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कुछ लोगों ने जमीन से संबंधित अपने कागजात होने का दावा किया है। इस पर अंचल अधिकारी ने उन्हें कागजात के साथ अंचल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। इस संबंध में अंचल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि प्रस्तुत किए गए कागजातों की जांच की जाएगी। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर जमाबंदी रद्द की जाएगी और संबंधित अवैध निर्माण को भी हटाया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

## जमीन अधिग्रहण के विरुद्ध माले ने किया एकता का आह्वान

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय किसान महासभा ने मंगलवार को कुशमौत जाकर जमीन अधिग्रह्ना के विरुद्ध एकजुटता का आह्वान किया। महासभा के सदस्यों ने पंचायत के मुखिया पवन सदा एवं गांव के किसानों से मिलकर बातें की। जिला प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रह्ना पर बुलाए गए जनसुनवाई में किसानों के विरोध की आवाज के साथ एकजुटता का इजहार कर संघर्ष तेज करने पर बल दिया। किसान महासभा के जिला सचिव बैजू सिंह और जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह ने कहा कि भाजपा -जदयू सरकार किसानों के प्रति अपनी जबावदेही से भाग कर कार्पोरेट हित के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर किया है। फलतः किसानों के उपजाऊ भूमि को अधिग्रहित करना चाहती है। मोदी -नीतीश के नजरों में मजदूर -किसान -युवाओं के विकास के बदले सिर्फ कार्पोरेट घरानों का विकास ही देश और राज्य का विकास है। उद्योग के नाम पर जमीन लिया जाएगा कुशमौत के किसानों का उससे निकलने वाले धुंए और जहर का शिकार होगा कोला क्षेत्र के लोग रोजगार से यहां के लोगों को अलग रखा जाएगा।जैसा कि जिले में लगे औद्योगिक प्रतिष्ठानों में किया गया है। ऐसे में किसान महासभा किसानों के द्वारा विरोध के साथ है।किसान महासभा के सदस्यों में जिला सचिव बैजू सिंह, जिलाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, मुक्तिनारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह और खेग्रामस जिला सचिव चन्द्रदेव वर्मा आदि शामिल थे।

## उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग के सदस्य ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार में उच्च जातियों के विकास के लिए गठित राज्य आयोग के सदस्य राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में ईडब्लूएस प्रमाण पत्र को लेकर तथा उच्च जातियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के विकास के लिए सुझाव प्राप्त करने हेतु आज यहां बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने बताया कि बिहार में आरटीपीएस के माध्यम से ईडब्लूएस प्रमाण पत्र जारी किया जाता है और उसके लिए अधिकतम 10 दोनों का समय सीमा निर्धारित है। लेकिन भागलपुर में 48 घंटे से लेकर 05 दिनों के अंदर प्रमाण पत्र



जारी कर दिया जाता है। यहां 99.70 प्रतिशत प्रमाण पत्र निर्गत है। इस दौरान कई पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ईडब्लूएस के विकास के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। बैठक में आयोग के उप सचिव शैलेंद्र झा, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा राकेश कुमार, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी अनिल कुमार राय, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी विकास कुमार और बांका जिला के जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक श्रीनिवास तथा विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धनरूआ में मछुआरों के लिए कॉमन सेवा केंद्र की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के मोरियावा पंचायत अंतर्गत बरबीघा गांव में बुधवार को प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के तहत कॉमन सेवा केन्द्र का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन पूर्व मंत्री हरि सहनी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड मंत्री शैलेंद्र कुमार ने की। यह धनरूआ में मसौढ़ी अनुमंडल का पहला कॉमन सेवा केंद्र है, और पटना जिला में दूसरा सेवा केन्द्र खुला है जहां मछुआरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से खोला गया है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हरि सहनी ने कहा कि मछली पालन से जुड़े मछुआरों के लिए राष्ट्रीय मत्स्य विकास पोर्टल पर पंजीकरण एक महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से बिहार सरकार की सभी मत्स्य




योजनाओं का लाभ मछुआरा समाज को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मछुआरा समाज के किसी सदस्य की मृत्यु होने पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपये तक का मुआवजा देने का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि धनरूआ में यह पहला ऐसा केंद्र है, जहां मछुआरों को मछली बीज सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मछली पालन को बढ़ावा मिलेगा और मछुआरों की आमदनी में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता सकलदेव बिंद, जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू प्रसाद नायक, अनुमंडल मत्स्य पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। इस मौके पर प्रखंड मंत्री शैलेश कुमार मुखिया किशोरी बिंद, अजय कुमार, प्रबंध निदेशक ऋषिकेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के लोग उपस्थित थे।

## श्री राम कथा अमृत वर्षा 20 फरवरी से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** शिक्षाविद साधु शरण सिंह सुमन के सुपुत्र हर्ष वर्धन सिंह सुमन के संयोजन एवं श्री राम सेवा संस्थान के तत्वावधान में आगामी 20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित होने वाली श्री राम कथा अमृत वर्षा के पावन अवसर पर आज श्री राम मंदिर, इस्नापुर में भगवान श्री राम को प्रथम निमंत्रण पत्र श्रद्धा एवं भक्ति भाव से समर्पित किया गया। इस शुभ अवसर पर श्री राम सेवा संस्थान के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सुमन, उपाध्यक्ष मल्लेश गौड़, सचिव अरिजीत बिस्वास, संयुक्त सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, राज जायसवाल, जितेंद्र कुमार दुबे, अमरेन्द्र गोस्वामी, राहुल भट्टाचार्य एवं आकाश कुमार ने संयुक्त रूप से भगवान श्री राम को निमंत्रण पत्र एवं अंगवस्त्र अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं मंगल गान के बीच यह पावन अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर भारत सेवा संघ के उपाध्यक्ष राकेश चौरसिया, अंकित कुमार, राज अग्रवाल एवं मोहित अग्रवाल ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। वहीं नीदरलैंड से बिनीत कुमार, लंदन से शिवराम किशन साहू, बेंगलुरु से दीपक कुमार तथा पटना से चंदन कुमार तथा दरभंगा से अनु विभा ने भी इस पावन आयोजन के लिए अपनी हार्दिक शुभेच्छाएँ भेजीं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 25/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक–10.12.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 341705 द्वारा प्रकाशित किया गया था। उसमें निहित पैकेज संख्या RWD/GARHWA/68/2024-25 एवं RWD/GARHWA/ 74/2024-25 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR.NO.371822 Rural Work Department(25-26):D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
( चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)

गढ़वा थाना कांड सं0–318/2025 दिनांक–15.07.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH14K7431, चेचिस न0–MBLHAW223PHK55626, इंजन नं0–HA11E8PHK26675 का अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 371724 Police(25-26)#D

थाईलैंड मास्टर्स

## अशिमता चालिहा ने थाईलैंड मास्टर्स में बिखेरा जलवा

### महिला एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ में पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अशिमता चालिहा ने दो कड़े मुकाबले जीतकर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना साथी भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग से होगा। भारत की अशिमता चालिहा ने दो कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज कर थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। गुवाहाटी की 26 वर्षीय खिलाड़ी, जो सेलंगोर में आयोजित 2024 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं, ने क्वालिफिकेशन के अपने पहले मुकाबले में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग को 42 मिनट चले मुकाबले में 21-15, 12-21, 21-12 से हराया।



इसके बाद अशिमता ने कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को पार करते हुए 45 मिनट में 21-11, 10-21, 21-16 से जीत हासिल की। मुख्य ड्रॉ में अशिमता का सामना अब साथी भारतीय खिलाड़ी देविका सिहाग से होगा। अन्य मुकाबलों में, श्रेया लेले को क्वालीफिकेशन दौर में इंडोनेशिया की नी कादेक धिंदा अमर्त्या प्रतिवी से 12-21, 21-12, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।
मिक्स्ड डबल्स क्वालिफिकेशन में एम जगलान और एल जगलान की जोड़ी को चीनी ताइपे के बो-युआन चेन और सुंग यी-शुआन ने एकतरफा मुकाबले में 21-12, 21-8 से पराजित किया।
पुरुष युगल में पी कृष्णमूर्ति रॉय और एस प्रथीक के की जोड़ी मलयेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी एन अजरीन और टैन डब्ल्यू के से 20-22, 20-22 से हार गई। वहीं महिला युगल में अश्विनी भट्ट के और शिखा गौतम की जोड़ी को इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी एफ कुसुमा और एम पुस्पितासारी से 33 मिनट चले मुकाबले में 14-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी।

अंडर-19 वर्ल्ड कप

## लगातार चौथी जीत के बाद बोले भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

### इस खिलाड़ी की तारीफ की

**बुलावायो (जिम्बाब्वे), एजेंसी।** भारत ने आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे को हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की है। मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ 204 रन की जीत इस बात का सबूत है कि इस टीम में कितनी प्रतिभा है। द्बष्ट वेबसाइट के अनुसार वे सेमीफाइनल क्वालिफिकेशन के कगार पर हैं, उन्होंने ऋ, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी जीत हासिल की है। लेकिन यह जीत इस टीम को वर्ल्ड



कप के अहम पड़ाव के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने में मदद करती है; यह उनकी पहली जीत थी जो ष्ठरू-मेथड से प्रभावित नहीं हुई और यह पहली बार था जब उन्होंने पूरे 50 ओवर खेले जिसमें उन्होंने शानदार 352/8 रन बनाए, जो जिम्बाब्वे के लिए पीछा करने के लिए बहुत ज्यादा रन थे।
विहान मल्होत्रा प्लेयर ऑफ द मैच के लिए एक बेहतरीन पसंद थे, जिन्होंने 109* रन बनाए। भारत का 352 का स्कोर अब तक वर्ल्ड कप में बनाया गया चौथा सबसे बड़ा टोटल है। तीन विकेट लेने वाले कप्तान आयुष म्हात्रे ने मल्होत्रा के बल्ले से निभाई गई भूमिका का श्रेय देने में कोई देरी नहीं की। म्हात्रे ने मैच के बाद कहा, 'विहान सच में बहुत अच्छा कर रहा है।



ऑस्ट्रेलियन ओपनः जेसिका पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को हराकर

## पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मेलबर्न, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में पेगुला ने अमांडा अनिसिमोवा को 6-2, 7-6(1) से हराया। दुनिया की नंबर 6 खिलाड़ी पेगुला ने 1 घंटे 35 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और दमदार जीत हासिल की। इस जीत से पेगुला अपने करियर में तीसरी बार और यूएस ओपन के बाहर पहली बार किसी मेजर ग्रैंड स्लैम के आखिरी चार में पहुंची हैं। सेमीफाइनल में पेगुला का मुकाबला एलेना रायबाकिना से होगा। इससे पहले पेगुला पिछले चार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार चुकी थीं, लेकिन इस मैच में उन्होंने दोनों विंग्स से गहराई और सटीकता के साथ खेल को शुरू में ही कंट्रोल किया, और दो बार अनिसिमोवा की सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट उतार-चढ़ाव वाला रहा। अनिसिमोवा ने अपना लेवल बढ़ाया, अपने आक्रामक बेसलाइन गेम पर ध्यान दिया, और पेगुला को आगे नहीं बढ़ने दिया। नंबर 4 सीड ने हिम्मत दिखाई, बराबरी पर रहीं, और मैच पॉइंट्स बचाकर सेट को टाईब्रेक में पहुंचा दिया, लेकिन एक बार वहां पहुंचने के बाद, पेगुला को कोई छू नहीं सका। पेगुला ने शुरू से ही ब्रेकर पर दबदबा बनाया, बिना डरे सर्विंग और तेज रिटर्न के दम पर लगातार सात पॉइंट्स बनाए। बढ़ते दबाव में अनिसिमोवा ने गलतियां कीं, जबकि पेगुला की रफ्तार और सटीकता निर्णायक साबित हुई।

इस जीत ने अनिसिमोवा के खिलाफ पेगुला का बिना हारे रिकॉर्ड 4-0 कर दिया। यह किसी अमेरिकी विरोधी के खिलाफ उनकी लगातार आठवीं ग्रैंड स्लैम जीत थी। जेसिका पेगुला तीन दशकों से ज्यादा समय में एक ही ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन हमवतन खिलाड़ियों को हराने वाली पहली अमेरिकी महिला भी बनीं, इससे पहले उन्होंने टूर्नामेंट में मैककार्टनी केसलर और डिफेंडिंग चैंपियन मैडिसन कीज को हराया था।

मैच के बाद जेसिका ने कहा, 'यह बहुत बढ़िया है। मैं पिछले कुछ सालों में यूएस ओपन के अलावा अन्य मेजर ग्रैंड स्लैम में आगे नहीं जा पाई थी। यह पहला स्लैम था जिसमें मैंने सच में कमाल कर दिया। मैं तीन बार, और फिर इस साल, चार बार क्वार्टर फाइनलिस्ट थी। मुझे यहां के हालात पसंद हैं। मैं यहां बहुत अच्छा टेनिस खेल पा रही हूं। इसलिए मैं सेमीफाइनल का इंतजार कर रही थी।

## इगा स्वियाटेक बड़ी उलटफेर का शिकार

### ऑस्ट्रेलियन ओपनः एलेना रायबाकिना से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुईं

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के क्वार्टर फाइनल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। रॉड लेवर एरिना में खेले गए इस मुकाबले में रायबाकिना की ताकतवर और सटीक गेम ने स्वियाटेक की करियर ग्रैंड स्लैम जीतने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इगा स्वियाटेक और एलेना रायबाकिना के बीच ये मुकाबला 93 मिनट तक चला। दोनों ही अपने 12वें आमने-सामने के मैच में लय तलाशती दिखीं। शुरुआती गेम्स में सर्विस पर पकड़ ढीली रही और ब्रेक का सिलसिला चलता रहा। हालांकि निर्णायक मौकों पर रायबाकिना ने खुद को बेहतर तरीके से संभाला और पहले सेट में अहम बढ़त बनाते हुए 7-5 से अपने नाम किया। पहले सेट के बाद मुकाबले की दिशा पूरी तरह बदल गई। दूसरे सेट में रायबाकिना ने आक्रामक खेल दिखाया और स्वियाटेक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने आखिरी नौ में से आठ गेम जीतकर मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। इस जीत के साथ ही रायबाकिना ने स्वियाटेक के खिलाफ अपना आमने-सामने का रिकॉर्ड 6-6 से बराबर कर लिया। इस मैच में सर्विस का बड़ा रोल रहा। स्वियाटेक की पहली सर्विस केवल 49 प्रतिशत ही सफल रही, जिसका फायदा रायबाकिना ने लगातार उठाया। रायबाकिना ने पहले सेट में 0-40 की स्थिति से शानदार वापसी की और इसके बाद अपने अगले आठ सर्विस गेम में सिर्फ 12 अंक गंवाए।




रायबाकिना ने पिछले अक्टूबर से 19 में से 18 मुकाबले जीते हैं। यह उनकी लगातार आठवीं टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ जीत है। 2022 विंबलडन चैंपियन रायबाकिना अब सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी और अपने तीसरे करियर ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी।

## भारतीय टीम क्यों घर पर लगातार हार रही टेस्ट सीरीज

### राहुल द्रविड़ ने खोले सारे राज, बताया कहां हो रही गड़बड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 के बीच दो टेस्ट सीरीज घर पर हार चुकी है. उसे न्यूजीलैंड ने 3-0 से मात दी तो साउथ अफ्रीका ने 2-0 से पीटा. इससे पहले 2012 से 2024 के बीच 12 साल तक भारत घर पर अजेय था.

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़ ने पिछले दो साल से घर पर टेस्ट सीरीज गंवाने के पीछे क्या कारण हैं. उनका कहना है कि खिलाड़ियों का तीनों फॉर्मेट खेलना, लाल गेंद के क्रिकेट की तैयारी के लिए पर्याप्त समय न मिलना और नतीजे निकालने वाली पिचें इसके पीछे की वजह हो सकती हैं. भारत ने 2012 से 2024 के बीच घर पर कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं गंवाई थी. लेकिन गौतम गंभीर के हेड कोच रहते अक्टूबर 2024 से नवंबर 2025 के दौरान 12 महीनों में दो सीरीज में घर पर हार मिली. पहले न्यूजीलैंड ने 3-0 से धूल चटाई. फिर साउथ अफ्रीका ने 2-0 से पीट दिया. भारत की घर पर टेस्ट में लगातार नाकामी पर द्रविड़ ने कुछ अहम बातें बताईं. उन्होंने 27 जनवरी को बेंगलुरु में एक इवेंट में कहा, 'एक कोच के रूप में जो बात मुझे समझ आई कि जो खिलाड़ी तीनों फॉर्मेट खेलते हैं वे एक फॉर्मेट से दूसरे में लगातार सक्रिय रहते हैं. ऐसा देखा गया है कि हमारे पास टेस्ट मैच से पहले तीन से चार दिन का समय रहता है और तब हम टेस्ट की प्रैक्टिस शुरू करते हैं. फिर पलटकर देखने पर लगता है कि इन खिलाड़ियों ने इससे पहले आखिरी बार



चार या पांच महीने पहले लाल गेंद का सामना किया था. यह एक चुनौती है. टेस्ट मैच में स्पिन लेती पिच या सीम वाली पिच पर घंटों तक खेलना आसान नहीं होता है. इसके लिए काबिलियत चाहिए होती है.'

महिला प्रीमियर लीग

## दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स पर लगा 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ 3 रन से हार का सामना करना पड़ा था। हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। जेमिमा पर धीमे ओवर रेट की वजह से 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। महिला प्रीमियर लीग की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह जुर्माना लीग के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत मिनिमम ओवर-रेट से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण लगाया गया है। लीग ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा सीजन में यह जेमिमा रोड्रिग्स का पहला ओवर-रेट अपराध था। हार और जुर्माने का असर दिल्ली कैपिटल्स के पूरे अभियान पर साफ दिखाई दे रहा है। टीम 7 मैचों में छह अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गई है। नेट रन रेट -0.164 हो गया है। इससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी राह कठिन हो गई है।



प्लेऑफ की संभावना को बनाए रखने के लिए दिल्ली को 1 फरवरी को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ होने वाले अपने आखिरी लीग मुकाबले में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी, लेकिन स्नेह राणा और युवा बल्लेबाज निकी प्रसाद ने शानदार संघर्ष दिखाया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 70 रनों की अहम साझेदारी की, जिसने दिल्ली को मुकाबले में वापस ला दिया। राणा ने 15 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि प्रसाद ने सिर्फ 24 गेंदों पर 47 रनों की तूफानी पारी खेली। हालांकि, आखिरी ओवर में गुजरात की अनुभवी ऑलराउंडर सोफी डिवाइन ने बेहतरीन संयम दिखाया और सिर्फ नौ रन देकर दिल्ली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## 61वां शतक ठोक रूट ने रचा इतिहास

### तोड़ दिया ब्रायन लारा का महारिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में शतक लगाकर जो रूट ने कई रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं. उन्होंने इस मुकाबले में 111 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली. ये उनके वनडे करियर का 20वां और अंतर्राष्ट्रीय करियर में कुल 61वां शतक रहा. इसी बीच उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में खास कीर्तिमान बना दिया है. वो अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में ब्रायन लारा को पीछे छोड़ आठवें नंबर पर आ गए हैं.

**ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा-** श्रीलंका के खिलाफ 111 रनों की पारी खेलने के बाद जो रूट ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में 506 पारियों में बल्लेबाजी करके 22,413 रन बना लिए हैं. उन्होंने ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 22,358 रन बनाए थे. रूट अपने शानदार करियर में अब तक 61 शतक और 116 फिफ्टी लगा चुके हैं.




### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अब केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, कुमार संगाकारा, रिकी पोंटिंग, महेला जयवर्धने, जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही उनसे आगे हैं.

- 34,357 रन – सचिन तेंदुलकर
- 28,215 रन – विराट कोहली
- 28,016 रन – कुमार संगाकारा
- 27,483 रन – रिकी पोंटिंग
- 25,957 रन – महेला जयवर्धने
- 25,534 रन – जैक्स कैलिस
- 24,208 रन – राहुल द्रविड़
- 22,413 रन – जो रूट

### विराट कोहली से बहुत पीछे

जो रूट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 22 हजार से अधिक रन बना चुके हैं, लेकिन इस सूची में वो विराट कोहली से बहुत पीछे हैं. विराट टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और अब सिर्फ हृष्टद्ध मैच ही खेलते हैं. विराट के नाम 626 पारियों में 28,215 रन हैं. एक तरफ रूट ने 61 शतक लगाए हैं, वहीं विराट के नाम तीनों फॉर्मेट में 85 शतक हैं. अकेले एकदिवसीय क्रिकेट में ही विराट 54 सेंचुरी लगा चुके हैं, जो विश्व में सबसे अधिक हैं.

श्रीलंका वर्सेस इंग्लैंड

## श्रीलंका घर पर 5 साल बाद ओडीआई सीरीज हारा

### इंग्लैंड को 3 साल में पहली बार बाहर मिली जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने श्रीलंका को कोलंबो में 27 जनवरी को खेले गए आखिरी वनडे में हराकर तीन मैच की सीरीज 2-1 से अपने नाम की. इस नतीजे से दोनों ही टीमों के हालिया वनडे रिकॉर्ड पर अलग-अलग असर पड़ा. श्रीलंका को जहां पांच साल में पहली बार घर पर वनडे सीरीज में हार मिली थी. इंग्लैंड ने तीन साल बाद पहली बार घर से बाहर कोई वनडे सीरीज जीती. आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कप्तान हैरी ब्रूक और जो रूट के शतकों से इंग्लिश टीम ने 357 रन का स्कोर बनाया. श्रीलंकाई टीम ने



मुकाबला अच्छा किया लेकिन 53 रन से हार मिली. उसकी तरफ से पवन रथनायके ने 121 रन की शतकीय पारी खेली. पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजों की मददगार पिच पर आतिशी खेल देखने को मिला. ब्रूक ने पांचवें नंबर पर आकर 66 गेंद में 11 चौकों व नौ छक्कों से 136 रन बनाए. रूट ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 108 गेंद में 111 रन की पारी खेली. जैकब बेथेल के बल्ले से 65 रन आए. श्रीलंका ने भी माकूल जवाब दिया. पथुम निसंका ने 25 गेंद में 50 रन उड़ा दिए तो बाकी बल्लेबाजों ने भी तेजी से रन जुटाए. इससे रनगति पकड़ में रही. मिडिल ऑर्डर में रथनायके ने खूंटा गाड़ दिया. उन्होंने वनडे करियर का पहला शतक लगाया. लेकिन दूसरी तरफ से विकेट लगातार गिरते रहे. नतीजा रहा कि श्रीलंकाई टीम 20 गेंद पहले ही सिमट गई. विकेट हाथ में रहते तो मैच जीता जा सकता था.

**इंग्लैंड को मार्च 2023 के बाद घर से बाहर ओडीआई सीरीज में मिली जीत-** इस नतीजे का असर यह हुआ कि इंग्लैंड ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की. उसे पहले मैच में हार मिली थी लेकिन आखिरी दोनों वनडे जीतकर शानदार वापसी की. यह इंग्लैंड की मार्च 2023 में बांग्लादेश में वनडे सीरीज जीतने के बाद घर से बाहर पहली सफलता रही. इस दौरान उसे वर्ल्ड कप 2023, चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत दौरे, न्यूजीलैंड दौरे पर पराजय झेलनी पड़ी. श्रीलंका को 5 साल पहले घर पर किसने हराया था. श्रीलंका का घर पर पर 2021 से वनडे में चला आ रहा दबदबा समाप्त हुआ. उसने 2021 में शिखर धवन की कप्तानी वाली भारतीय टीम के सामने सीरीज गंवाने के बाद से घर पर सारी वनडे सीरीज जीती. इस दौरान 2024 में भारत को भी मात दी थी.

# अस्पतालों में सक्रिय बिचौलियों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 के अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिले के अंतर्गत संचालित सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की अद्यतन स्थिति के संबंध में सिविल सर्जन द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष, रेफरल अस्पताल, नवीनगर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज में पंजीकरण उपरांत शीघ्र ही अल्ट्रासाउंड सेवा प्रारंभ की जाएगी, जिससे आमजनों को अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण हेतु प्रस्तावित केंद्रों एवं नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों के आलोक में जिला स्तरीय गठित तकनीकी जांच दल द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि जिले के अंतर्गत संचालित अवैध, बिना पंजीकरण अथवा बिना निर्धारित मानकों के संचालित निजी क्लिनिक, नर्सिंग होम, अस्पताल, पैथोलॉजिकल जांच गृह, अल्ट्रासाउंड केंद्र आदि की नियमित जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि अवैध संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसके लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर जांच दल गठित कर नियमित निरीक्षण किए जाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि सरकार के अवर सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के परिसरों में सक्रिय ऐसे बिचौलियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, जो निजी नर्सिंग होम, निजी जांच गृह एवं एक्स-रे केंद्र अथवा निजी दवा प्रतिष्ठानों में इलाज, जांच एवं दवा क्रय हेतु मरीजों एवं उनके परिजनों को गुमराह करते हैं। इसके लिए सभी प्रखंडों में छापामार दल का गठन कर औचक निरीक्षण किया जाएगा। इस प्रकार की गतिविधियों से आमजनों को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित करने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा पहुंचाने के मामलों में दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, इसमें संलिप्त पाए जाने वाले सरकारी कर्मियों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार, एसएनसीयू चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनुप कुमार सिन्हा, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवेश भट्ट, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि सिंह, व्यवहार न्यायालय लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल तथा रोटरी क्लब अध्यक्ष मरगूब आलम उपस्थित थे।

# कौशल आधारित शिक्षा समय की मांग : डॉ. सुधीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में कौशल आधारित शिक्षा विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार बुधवार से प्रारंभ हो गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर मगध विश्विद्यालय में शिक्षा विभाग के निदेशक प्रो. सुशील कुमार सिंह, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के ज्ञानमणि त्रिपाठी, आर्यभट्ट विश्वविद्यालय के रामाकांत शर्मा एवं मगध विश्वविद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक व प्राध्यापकों ने भाग लिया। सेमिनार का मुख्य विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ मे शिक्षक की पहचान, पुर्नसंकल्पना, स्वायत्ता, सशक्तिकरण एवं जवाबदेही हैं। सेमिनार को संबोधित करते हुए संयोजक तथा प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि इस सेमिनार से युवाओं को आधुनिक शिक्षण तकनीक सिखाने, शोध साझा करने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में शिक्षा को व्यावहारिक बनाने में मदद मिलेगी। आज कौशल आधारित शिक्षा समय की मांग है। शिक्षण संस्थानों में अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक, जीवन कौशल और नैतिक मूल्यों का समन्वय ही युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाएगा। शिक्षा का उद्देश्य युवाओं में नवाचार की क्षमता और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना ही सेमिनार का उद्देश्य है। डॉ मिश्र ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार के योग्य बनाती है, जो विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा को व्यावहारिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम आयोजन का आज पहला दिन है। इस कार्यक्रम के लिए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति पीके शाही सहित महाविद्यालय के तमाम शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के प्रति अभार व्यक्त करते है। इस दो दिवसीय सेमिनार का आज पहला दिन अंतिम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ संपन्न हुआ, जिसके समन्वयक नीतू सिंह के द्वारा किया गया। इस सत्र के रिपोर्टटीयोर के रूप मे सहायक प्राध्यापक शशि कांत कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। इस सत्र का धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ नागेंद्र कुमार सिंह ने किया एवं मंच संचालन सहायक साक्षी कुमारी एवं कैसर ने किया। इस अवसर पर बायोटेक के विभागाध्यक्ष अनिल सिंह, प्रो. राजीव रंजन, अकाउंटेंट मनोज सिंह, भीम बहादुर सिंह, सहायक प्राध्यापक संजय पांडे, सहायक प्राध्यापक डॉ किरण कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बच्चों एवं युवाओं के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा संकेतकों एवं सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सार्वजनिक सड़कों पर लगाए जाने वाले विभिन्न यातायात संकेतक चिन्हों जैसे - स्टॉप साइन, नो पार्किंग, नो एंट्री, स्पीड लिमिट, स्कूल अहेड, ज़ेब्रा क्रॉसिंग आदि के महत्व की जानकारी दी गई तथा इनके पालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सुरक्षित रूप से पैदल चलने के नियमों की भी जानकारी दी गई। संवाद एवं प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर डीटीओ द्वारा कहा गया कि सड़क सुरक्षा की आदतें बचपन से ही विकसित करना अत्यंत आवश्यक है।

# मारपीट की घटनाओं में नौ लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटना घटित हुई जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहली घटना रिसियप थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़सी गांव के पास की है। घटना में सड़सा गांव निवासी मुकेश कुमार सिंह के बेटे उत्पल राज घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम उत्पल रिसियप बाजार जा रहा था तभी सड़सी गांव निवासी महेंद्र सिंह के बेटे रवि कुमार ने उस पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों की ओर से सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। दूसरी घटना जम्होर थाना क्षेत्र के करहारा गांव की है, जहां मारपीट में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल सत्यदेव कुमार, रिशु कुमार और आनंदी कुमार को औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना फ़ेसर थाना क्षेत्र के बघोई गांव की है। यहां गांव निवासी रामबली राम मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार की रात उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजोई गांव में मारपीट की घटना में मां-बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की पहचान नगीना देवी और उनकी बेटी सुमित्रा कुमारी के रूप में हुई है। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# आपदा से बचाव के बताएं उपाय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जन-धन की सुरक्षा हेतु जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भूकंप सुरक्षित निर्माण विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में 15 से 28 जनवरी तक भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के रूप में यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भूकंप सुरक्षित निर्माण से संबंधित विशेषज्ञ व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल तथा अन्य सुसंगत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भूकंप के दौरान आवश्यक सावधानियों, सुरक्षित निर्माण तकनीकों एवं आपदा प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने कहा कि भूकंप जैसी आपदाएं चेतावनी देकर नहीं आतीं, ऐसे में सुरक्षित निर्माण एवं आपदा प्रबंधन की जानकारी हम सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी रूप से दक्ष बनाते हैं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का भी बोध कराते हैं। उन्होंने भूकंप सुरक्षा पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति एवं असैनिक अभियंत्रण विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राकेश कुमार सिन्हा तथा प्रो. सचिन कुमार ने किया। उनके नेतृत्व में कार्यक्रमों का प्रभावी एवं अनुशासित संचालन किया गया। कार्यक्रम के अंत में मॉक ड्रिल के माध्यम से आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षित उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिससे प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की समझ विकसित हो सके।

**B D College, Patna**

Ref. No.: BDC/58/26 **ADVERTISEMENT** Date: 27-01-2026

Applications are invited for the various positions i.e., Research Assistant (01) and Field Investigators (03) in the research project entitled "**झारखण्ड में पेयजल प्रबंधन : जल जीवन मिशन का ग्रामीणों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समग्र विकास पर प्रभाव एवं चुनौतियाँ**" funded by Indian Council of Social Science Research, (ICSSR) New Delhi.

[Details on college's website:...https://bdcollegepatna.ac.in/.]

**Prof. (Dr.) Ratna Amrit**
Principal
B. D. College, Patna




# विभिन्न मामलों में 23 आरोपितों को भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 53 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 27 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के शीर्ष में 1, एसटी-एसटी एक्ट में 2, पोक्सो एक्ट में 6 हत्या प्रयास के शीर्ष में 8, शराब कांड में 19 एवं अन्य शीर्ष कांड में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 1.90 लीटर देसी शराब, 2 मोबाइल, 1500 नगद रूपये बरामद किया गया है। इसके अलावा 38 वारंट एवं 5 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1348 वाहनों की जांच की गई जिसमें 157500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार, अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।










# सूर्य महोत्सव में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** तीन दिवसीय आयोजित देव सूर्य महोत्सव संपन्न हो गया। महोत्सव में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महोत्सव में अपना दबदबा कायम रखा। महोत्सव में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की सहभागिता रही। इस दौरान आयोजित क्विज प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र प्रेम प्रभात ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं खेल प्रतियोगिताओं में कॉलेज की महिला कबड्डी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जो कॉलेज के लिए गर्व की बात रही। इसके अतिरिक्त, कॉलेज की महिला खो-खो टीम, पुरुष खो-खो टीम एवं पुरुष कबड्डी टीम ने कड़े मुकाबलों में उपविजेता (रनर-अप) स्थान प्राप्त कर कॉलेज की खेल प्रतिभा को मजबूती प्रदान की। सभी मुकाबले दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहे, जिसमें खिलाड़ियों ने अनुशासन, संयम और खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। 27 जनवरी को आयोजित समापन समारोह के अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, शिक्षक, छात्र एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि कॉलेज में खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को मिल रहे निरंतर प्रोत्साहन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है। कॉलेज के बर्सर एवं एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि छात्रों की यह सफलता कठिन परिश्रम, नियमित अभ्यास और उचित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महोत्सव में कॉलेज के शानदार प्रदर्शन से पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल रहा।

